सुविचार
हर रोज अपने आपको बीते हुए कल से बेहतर बनाओ, एक दिन आप काफी बेहतर बन जाओगे

# संवाद साधना

संस्थापक- स्व.श्री विजय शर्मा ✹ महासमुंद, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा से एक साथ प्रकाशित

वर्ष - 18 | अंक -65 | महासमुंद, गुरुवार 08 सितंबर 2022 डाक-09 सितंबर 2022 | पृष्ठ-08 | मूल्य 1.00 | Email-sadhana.vivek@gmail.com

## न्यूज ब्रेक

### 10 फीट के अजगर को बचाने के लिए डॉक्टर कर रहे जद्दोजहद

**गहरे जख्म और हड्डियां टूटने पर किया गया भर्ती**

**नईदिल्ली ( ए. )।** मुंबई में पिछले महीने वन विभाग की टीम ने एक 10 फीट लंबे इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) का रेस्क्यू किया था। वह बुरी तरह जख्मी है। कई फ्रैक्चर और खुले घावों से जूझ रहा है। तभी से सांप की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर रीना देव के मुताबिक, अजगर की प्लास्टिक सर्जरी अभी की जा रही है। डॉक्टर रीना देव के मुताबिक, यह उसकी तीसरी सर्जरी है। इससे पहले भी दो सर्जरी की जा चुकी है। पिछले 45 दिनों से अजगर का इलाज किया जा रहा है। पशु बचाव दल के साथ—साथ सरीसृप पशु चिकित्सकों की टीम उसका उपचार कर रही है। इंडियन रॉक पाइथन प्रजाति के अजगर की गई जगह से हड्डियां टूटी हुई है। जिसकी वजह से डॉक्टरों ने उसकी प्लास्टिक सर्जरी करने का निर्णय लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेस्किंक असोसिएशन फॉर वाइल्ड लाइफ वेलफेयर और वन विभाग की टीम ने वडाला से उसका रेस्क्यू किया था। डॉक्टरों का कहना है कि गहरे जख्म और हड्डियां टूटने से अजगर जिदंगी और मौत से जूझ रहा है।

## मिशन 2024 पर निकले राहुल

# कन्याकुमारी में शुरू की 'भारत जोड़ो' यात्रा

**नईदिल्ली, 08 सितंबर**

**( एजेंसी )**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह कई वरिष्ठ नेताओं के साथ कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की विधिवत शुरुआत कर दी है। पार्टी इस यात्रा को व्यापक जनसंपर्क अभियान बता रही है तथा इससे संगठन को संजीवनी मिलने की उम्मीद कर रही है। राहुल गांधी ने विवेकानंद पॉलिटेक्निक से 118 अन्य भारत यात्रियों और कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा की शुरुआत की। पार्टी ने राहुल समेत 119 नेताओं को भारत यात्री नाम दिया है जो कन्याकुमारी से पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। ये लोग कुल 3570 किलोमीटर को दूरी तय करेंगे। बता दें कि कांग्रेस ने बुधवार को कन्याकुमारी से अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा की औपचारिक शुरुआत की थी और इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक लिखित संदेश के माध्यम से कहा था कि यह यात्रा भारतीय राजनीति के लिए परिवर्तनकारी क्षण है तथा यह कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि मौजूदा समय में तिरंगे पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू करने से पहले श्रीपेरंबदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए। यहीं पर तीन दशक पहले एक आत्मघाती हमला करके राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। पिता के स्मारक पर आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

## नई नीति से सहकारिता क्षेत्र में होंगे समग्र बदलाव

### अमित शाह ने बताया मकसद



**नईदिल्ली ( ए. )।** गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति से इस क्षेत्र में समग्र बदलाव होंगे। दिल्ली के विज्ञान भवन में आज आयोजित राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नई नीति का मसौदा तैयार करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है। इसमें हर राज्य का प्रतिनिधित्व होगा। शाह ने कहा कि नई नीति का फोकस सहकारिता समितियों का मुफ्त पंजीयन, कम्प्यूटरीकरण, लोकतांत्रिक चुनाव, सक्रिय सदस्यता, नेतृत्व और पारदर्शिता में व्यावसायिकता, समिति पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा। इसे लेकर सहकारिता क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ चर्चा की जाएगी। शाह ने कहा कि नई नीति सहकारी क्षेत्र में समग्र विकास लाएगी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में अभी 65 हजार सक्रिय प्राथमिक कृषि साख संस्थाएं हैं। हमने अगले पांच साल में तीन लाख पीएसी गठित करने का लक्ष्य रखा है। 2.25 लाख नई समितियों के पंजीयन का लक्ष्य है। उन्होंने राज्यों के सहकारिता मंत्रियों से कहा कि वे उप-नियमों को जल्दी से अपनाएं और इन समितियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम करें।

### आईआईटी—कानपुर के छात्र ने छात्रावास के कमरे में की आत्महत्या

**कानपुर ( ए. )।** आईआईटी-कानपुर में पीएचडी के एक छात्र ने परिसर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना मंगलवार रात की है, जब एक छात्र ने सुरक्षाकर्मियों को सूचना दी कि प्रशांत सिंह का कमरा अंदर से बंद है और वह दस्तक का जवाब नहीं दे रहा है।संस्थान के प्रशासकों ने जबरन दरवाजा खोला तो प्रशांत सिंह को बेडशीट के सहारे छत से लटका पाया।उन्हें संस्थान के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां ऑन कॉल चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया और छात्र के परिवार को भी घटना की सूचना दी गई। छात्र के शव को हैलेट अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एक विज्ञप्ति में, आईआईटी-कानपुर के कर्मचारियों और छात्रों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता रखने वाले छात्र की मौत पर शोक जताया है।

# उत्तर प्रदेश रोजगार देने में 17 राज्यों को पछाड़ा

## सरकार की नीतियों पर मुहर, राष्ट्रीय औसत के आधे से कम बेरोजगारी

**नईदिल्ली, 08 सितंबर**

**( एजेंसी )**



उत्तर प्रदेश ने रोजगार देने के मामले में 17 राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। सेंटर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 3.9 फीसदी बेरोजगारी है, तो राजस्थान में 31.4 फीसदी बेरोजगारी है। यानी राष्ट्रीय औसत 7.7 से प्रदेश में आधे से भी कम बेरोजगारी है। सीएमआईई ने एक मई से 31 अगस्त तक किए गए सर्वे के आंकड़ों के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है। संस्था की ओर से देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वे किया गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2016-17 में बेरोजगारी दर 17.5 प्रतिशत थी। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मिशन रोजगार की शुरुआत की। अब तक सवा पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, तीन लाख युवाओं को सरकारी विभागों में संविदा पर सेवा और एमएसएमई में दो करोड़ लोगों को रोजगार दिलाया गया है। इसके अलावा मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करीब ढाई करोड़ लोगों और ओडीओपी में 25 लाख लोगों को रोजगार दिलाया गया है। परिवार कल्याण योजना हर परिवार के लिए रोजगार का आधार बनेगा। पोर्टल पर फीड डाटा के अनुसार लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर सरकार को नई योजनाएं बनाने में भी मदद मिलेगी।

### हर परिवार के एक सदस्य को रोजगार जल्द

प्रदेश सरकार हर परिवार के एक सदस्य को रोजगार दिलाने वाले हैं। परिवार कल्याण योजना के तहत हर परिवार की आईडी बनाने के लिए आवेदन पोर्टल का ट्रायल को जल्द लांच किया जाएगा। प्रदेश में 15 करोड़ आधार वैलिडेटेड राशन कार्डधारक हैं, जिन्हें तुरंत परिवार आईडी कार्ड जारी की जा सकती है। इसके तहत हर परिवार को एक आईडी दी जाएगी। फिलहाल यह योजना स्वैच्छिक है और सरकारी योजना का लाभ लेने के इच्छुक लोगों को आवेदन की आवश्यकता होगी।

## अफगान फैंस ने पाकिस्तानियों को पीटा

### *कुर्सियां फेंककर मारीं, मैदान पर खिलाड़ियों में भी तनातनी*

**नईदिल्ली ( ए. )।** एशिया कप 2022 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मैच के बाद कुछ ऐसा हुआ, जिससे सभी क्रिकेट फैंस नाखुश हैं। इस मैच में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को एक विकेट से हराया और रोमांचक जीत दर्ज की। इसके बाद दोनों टीमों के फैंस स्टेडियम में ही भिड़ गए। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस दौरान अफगानिस्तान के फैंस ने स्टेडियम की कुर्सियां निकाल लीं और पाकिस्तानी फैंस को दौड़ा-दौड़ा कर मारा। स्टेडियम के बाहर भी पाकिस्तानी फैंस के मारपीट हुई। इन घटनाओं के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं और अब शारजाह पुलिस से इस मामले में जांच की मांग की गई है। इस मैच में दूसरी पारी का 19वां ओवर अफगानिस्तान के फरीद कर रहे थे। पाकिस्तान के आसिफ अली ने ओवर की चौथी गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगली दूगेंद पर आउट हो गए। इसके बाद फरीद ने उन्हें मैदान से बाहर जाने का इशारा किया और कुछ शब्द भी कहे। जवाब में आसिफ ने भी कुछ कहा और मामला इतना बढ़ गया की आसिफ ने फरीद को मारने के लिए बल्ला तान लिया। अंत में अंपायर बीच-बचाव के लिए आए और मामला शांत हुआ। इसके बाद 20वें ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे और नसीम शाह ने शुरुआती दो गेंदों में दो छक्के लगाकर अपनी टीम जो हारा मैच जिता दिया। इस मैच में अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 129 रन बनाए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 131 रन बनाकर चार गेंद रहते मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की जीत के बाद टीम के समर्थकों ने स्टेडियम में जमकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। अफगानिस्तान के कुछ दर्शकों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने स्टेडियम की कुर्सियां निकालकर पाकिस्तानी दर्शकों पर फेंकनी शुरू कर दीं। इसके बाद विवाद बढ़ता गया और सोशल मीडिया पर यह भी दावा किया गया कि अफगानी समर्थकों ने शारजाह की गलियों में पाकिस्तानी फैंस को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा है।




दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में धरना दिया.

### बहादुरी को सलाम! पिता को बचाने के लिए भालू से भिड़ गई 14 साल की बेटी, आठ मिनट के संघर्ष के बाद भागा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राजस्थान के सिरोही जिले में एक बेटी ने अपने पिता को बचाने के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा दी। एक किसान पर भालू ने हमला कर दिया। जिसके बाद उसकी 14 साल की बेटी भालू से भिड़ गई। बच्ची भालू से लड़ती रही और उसे भागने के लिए मजबूर कर दिया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार सिरोही के रेवदर कस्बे के सिलदर गांव में सोमवार देर रात एक भालू ने किसान पर हमला कर दिया। भालू को देखकर कुत्ते जोर-जोर से भौंकने लगे। ऐसे में खेत पर बने मकान में सो रही उसकी 14 साल की बेटी जोशना भागकर बाहर आई। वह अपने पिता को बचाने के लिए भालू पर टूट पड़ी। तब तक भालू ने उसके पिता करमा राम चौधरी को बुरी तरह घायल कर दिया। उसका मुंह नोच लिया। गंभीर घायल किसान को गुजरात के मेहसाणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बहादुर जोशना ने बताया कि जब उसने भालू को पिता पर हमला करते देखा तो वह फौरन भालू से भिड़ गई। उसके मन में एक ही बात थी कि मुझे भले ही कुछ भी हो जाए लेकिन पिता को कुछ नहीं होने दूंगी। जोशना ने बताया कि भालू ने पिताजी को चारपाई से नीचे गिरा दिया था। उनके ऊपर बैठकर उनके शरीर को नोंच रहा था। पहले तो डर के मारे पांव कांपने लग गए, लेकिन पिता को बचाने के ख्याल से मैंने लाठी उठाकर भालू पर हमला करना शुरू कर दिया। लाठी मारने पर भालू और ज्यादा आक्रामक हो गया।



## गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक!

### खुद को आंध्र प्रदेश के सांसद का पीए बता शख्स ने तोड़ा घेरा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृह मंत्री अमित शाह के सोमवार को मुंबई दौरे के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। मुंबई में एक शख्स घंटों उनके आसपास घूमता रहा। उसने खुद को आंध्र प्रदेश के एक सांसद का पीए बताया था। मामले में मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के धुले जिले के हेमंत पवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास गृह मंत्रालय का परिचय पत्र था। वह महाराष्ट्र के सीएम व डिप्टी सीएम के आवास के बाहर भी नजर आया था। आरोपी हेमंत पवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में सौंपा है। अमित शाह दो दिनी मुंबई यात्रा के दौरान सोमवार को 'लालबागचा के राजा' के दर्शन करने गए थे। इसी दौरान पवार पर गृह मंत्रालय के एक अधिकारी की नजर पड़ी तो उसने मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस पर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को गिरगांव कोर्ट ने पांच दिन की हिरासत में पुलिस को सौंप दिया। पवार से पूछताछ जारी है।

#### *एनएसए अजीत डोभाल की भी सुरक्षा में हुई थी चूक*

इसी साल फरवरी में एनएसए अजीत डोभाल के आवास पर भी सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। इस मामले में सीआईएसएफ ने सख्त कार्रवाई की है। इस घटना के बाद पिछले माह तीन सीआईएसएफ कमांडो को बर्खास्त किया गया है। एक डीआईजी और एक कमांडेंट रैंक के अधिकारी का तबादला कर दिया गया है। डोभाल को केंद्रीय वीआईपी सुरक्षा सूची के तहत जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। उन्हें सुरक्षा कवर सीआईएसएफ की एसएसजी यूनिट द्वारा दिया गया है। 16 फरवरी को सुरक्षा में चूक की घटना की केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी गठित की थी। इसमें पांच अधिकारियों को दोषी ठहराया गया और इनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई थी। 16 फरवरी को सुबह करीब साढ़े सात बजे बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने सेंट्र्ल दिल्ली में डोभाल के उच्च सुरक्षा वाले घर में अपनी कार घुसाने का प्रयास किया था। बर्खास्त किए गए तीनों कमांडो उस दिन सुरक्षा व्यवस्था के तहत एनएसए के आवास पर मौजूद थे। उस व्यक्ति को आवास के बाहर रोक दिया गया था और दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया था।

# इंडिया गेट के सभी 10 मार्ग छह से नौ बजे तक रहेंगे बंद, भारी जाम की आशंका, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नईदिल्ली, 08 सितंबर**

**( एजेंसी )**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुरुवार को सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इंडिया गेट के सभी 10 मार्गों को शाम छह से रात नौ बजे तक बंद करने का फैसला किया है। इससे करीब 17 मार्गों पर ट्रैफिक का दवाब बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर जाम लगने की संभावना है। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को परेशानियां न हो ये देखते हुए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के नई दिल्ली जिले के डीसीपी आलाप पटेल की ओर से जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि इंडिया गेट के सभी 10 मार्ग बंद होने से डब्ल्यू पाइंट, मथुरा रोड, अशोक रोड, क्यू प्वाइंट, पृथ्वीराज रोड, अकबर, एसबी मार्ग, एपीजे अब्दुल कलाम रोड, राजेश पायलट मार्ग, विंडसर प्लेस गोलचक्कर, क्लेरिज होटल गोलचक्कर, मान सिंह रोड, एमएलएनपी गोल चक्कर, जनपथ, फिरोजशाह रोड, मंडी हाउस गोलचक्कर और सिकंदरा रोड पर ट्रैफिक का दवाब बढ़ेगा। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वह अपनी यात्रा पहले से ही सुनिश्चित कर लें।



## *इंडिया गेट सी—हैक्सागन के 10 मार्ग यहां से बंद रहेंगे*

### छह बजे के बाद यहां से बसें परिवर्तित की जाएंगी

छह बजे के बाद कई प्वाइंट से बसों को परिवर्तित किया जाएगा। ये बसें रात नौ बजे तक परिवर्तित रहेंगी। ये प्वाइंट हैं- रिंग रोड पर मोती बाग क्रॉसिंग, रिंग रोड पर भीकाजी कॉमा प्लेस, लोधी फ्लाईओवर, आईटीओ-आईपी फ्लाईओवर-विकास मार्ग, रिंग रोड-यमुना बाजार, तीस हजारी-मोरी गेट जंक्शन, पंचकुईया रोड, एम्स फ्लाईओवर, एसबीएम-मथुरा रोड, नीला गुंबद, आश्रम चौक, एन-24 रिंग रोड, रिंग रोड-आईएसबीटी, आईएसबीटी-टी प्वाइंट और धौला कुंआ।

## धरना प्रदर्शन : जाम, बदहाल हुई राजधानी की यातायात व्यवस्था

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** विगत 22 वर्ष पहले बने छत्तीसगढ़ राज्य में अभी भी यहां काम कर रहे कर्मचारियों की फरियाद सरकार नहीं सून रही है। यही कारण है कि ये कर्मचारीगण अपनी मांगों को लेकर राजधानी रायपुर की रूख करते हैं और यहां सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए धरना देते हैं। जिसका खामियाजा रायपुर वासियों को जाम की सूरत में भुगतना पड़ता है। कुछ समय पूर्व शहर के स्वयं सेवी संगठनों द्वारा जिला कलेक्टर रायपुर से बुढ़ापारा धरनास्थल अन्य स्थल पर ले जाने की मांग की गई थी। किंतु राज्यशासन की सहमति के बाद भी अब तक धरनास्थल नहीं बदला है। जिसके कारण कामकाजी लोग विद्यार्थी जो यहां से हजारों की संख्या में आवाजाही करते हैं। एक लाख दैनिक वेतन भोगियों के धरनास्थल में शामिल होने की वजह से रोज सुबह शाम लंबे जाम में फंस रहे हैं। ज्ञातत्व है कि इन दिनों शहर में गणेशोत्सव देखने के लिए रायपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शाम पांच बजे देर रात तक उक्त मार्गों से आवाजाही करते हैं। धरना दे रहे हड़तालियों की वजह से शहर के मुख्य मार्ग दिन भर जाम रहते हैं। यातायात की स्थिति इन दिनों इतनी बदहाल हो चुकी है कि विभिन्न मरीजों को मुख्य मार्गों से ले जा रही एम्बुलेंस को भी रास्ता क्लियर नहीं होने के कारण जाम में फंसना पड़ता है। आम नागरिकों में भी एम्बुलेंस को रास्ता देने के मामले में अज्ञानता का प्रदर्शन किया जाता है, जबकि केन्द्र सरकार द्वारा जारी प्रोटोकाल के तहत सभी प्रकार के वाहनों को रोककर मरीज ले जा रही एम्बुलेंस को प्रथम प्राथमिकता से रास्ता दिए जाने का प्रावधान है। शहर के अनेक नागरिकों ने खासतौर से बुढ़ापारा, सदरबाजार, पुरानीबस्ती, लोहार चौक, टूरी हटरी, खोखोपारा, गोपियापारा, बंधवापारा, लाखेनगर, कुशालपुर, टिल्लू होटल आदि क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बुढ़ापारा धरनास्थल तत्काल बदलने की मांग की है।

## न्यूज ब्रेक

### स्वाइन फ्लू की चपेट में आए 12 डीएसपी

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वाइन फ्लू का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. इस बीच बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है कि चंद्रखुरी राज्य पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में स्वाईन फ्लू ने दस्तक दे दी है. यहां प्रशिक्षण ले रहे 12 डीएसपी को स्वाईन फ्लू हो गया है तो वही 4 अन्य बुखार व सर्दी खांसी से पीड़ित है। राजधानी के चंद्रखुरी स्थित प्रशिक्षण अकादमी में आरक्षक से लेकर डीएसपी रैंक तक के लोगों को प्रशिक्षण दिया जाता है। फ्लिहाल, यहां 24 डीएसपी ट्रेनिंग ले रहे हैं। सर्दी खांसी व बुखार के लक्षणों को देखते हुए जब सभी का टेस्ट करवाया गया तो उनमें से 12 प्रशिक्षु डीएसपी में स्वाईन फ्लू की पुष्टि हुई है।

### मामूली विवाद के चलते चाकूबाजी में घायल हुआ युवक

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में फ्रि चाकूबाजी हुई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में विषारद अस्पताल के सामने मामूली को लेकर आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में संजय नगर निवासी शोएब रज़ा घायल हुए है। वारदात को मोहन रक्सेल और उसके साथियों ने मिलकर अंजाम दिया है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. एवं जांच शुरू कर दी है।

### जल जीवन मिशन: राज्य में 14 लाख से अधिक घरेलू नल कनेक्शन

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अब तक राज्य में 14 लाख 06 हजार 704 घरेलू नल कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देशन में राज्य के ग्रामीण अंचलों में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन संचालक श्री टोपेश्वर वर्मा द्वारा समय-समय पर नल-जल योजनांतर्गत सोलर आधारित, रेट्रोफिटिंग, मल्टी विलेज और सिंगल विलेज योजनाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी जारी है। उन्होंने स्कूल, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था, आईएसए ट्रेनिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रचार-प्रसार हेतु दीवार लेखन, चित्रकारी इत्यादि कार्य समयबद्ध रूप से कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गए हैं। इसके साथ ही साथ सभी प्रगतिरत कार्य की आईएमआईएस पोर्टल में इन्द्राज करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में जल जीवन मिशन में एक हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक राज्य के 43 हजार 837 स्कूलों में, 41 हजार 653 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 251 ग्राम पंचायतों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

# राजधानी रायपुर सहित रायगढ़ के कई बड़े कारोबारियों के यहां आईटी का छापा

### शराब और लोहा व्यवसाई है शामिल

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ के कई बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। आयकर विभाग की टीम ने छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में अलग-अलग जगहों पर छापे मारे हैं। इनमें एक स्टील और शराब कारोबारी शामिल हैं। टीम ने रायपुर के अमलीडीह, कचना, कटोरा तालाब समेत बीरगांव इलाके में छापा मारा है। जानकारी के अनुसार शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया के घर सहित अन्य जगहों पर आयकर विभाग की टीम ने छापे मारे हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले भी शराब कारोबारी के यहां इनकम टैक्स ने दबिश दी थी। बताया जा रहा है कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामलों में आयकर विभाग ने कार्रवाई की है। इसके अलावा आयकर विभाग ने रायपुर के स्टील कारोबारी रामदास के साथ उनके पुत्र अनिल अग्रवाल व सुनील अग्रवाल के घर भी छापा मारा है। वहीं रायगढ़ और खरसिया में भी टीम की कार्रवाई जारी है। इनके घर इनकम टैक्स विभाग की दबिश:- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कई बड़े उद्योगपति, शराब कारोबारियों से लेकर राजनेताओं के करीबियों के घर इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश जोन की आईटी टीम आज तड़के रायगढ़ और खरसिया में कई व्यापारियों के यहां दबिश दी। शहर में चांदनी चौक स्थित सुनील रामदास आफ्सि एवं जिले के सब्से रिहायशी फेंड्रस कालोनी एश्वर्या किंगडम निवास में जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि सुनील,सुशील, व अनिल तीनों भाई है जो विभिन्न कारोबार से जुड़े है, आईटी की टीम तीनों के निवास व अन्य संस्थान में जांच करने की बात कही जा रही है। इसी तरह मुकेश अग्रवाल ठेकेदार खरसियां, नटवर रतेरिया रायगढ़ निवास के श्री परियोजना निर्माण कम्पनी उर्दना कोल ट्रान्स्पॉर्टिंग के आकाश जिंदल रायगढ़ , अमोलक भाटिया के निवास - बिलासा कटोरा तालाब रायपुर, आरके गुप्ता - ऐश्वर्या किंगडम रायपुर , सीए अनिल अग्रवाल के यहां भी जांच प्रक्रिया चल रही है।

## कलेक्टर ने खरोरा एवं तिल्दा के गौठान का किया अवलोकन

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज खरोरा और तिल्दा के गौठान का अवलोकन किया। वहां संचालित आजीविका गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण एवं विक्रय में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में निर्मित सुपर खाद एवं वर्मी खाद को समन्वय से विक्रय के लिए सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्मी खाद को तैयार करें।

# सड़क निर्माण परियोजनाओं के कार्य समय सीमा में पूर्ण करें - मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत शीघ्र पूर्ण होने वाले कार्य, लंबित कार्य एवं सड़कों के प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत सड़क परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान सड़कों के निर्माण के लिए मुआवजा, भूमिअर्जन, वृक्ष विदोहन जैसे कार्यों के लिए वन विभाग, लोक निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों के निर्माण कार्य किसी भी तरह रूकने नही पाये, सभी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। बैठक में बिलासपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत बिलासपुर से उरगा मार्ग, कोरबा जिले में पथरापाली से कटघोरा, चांपा से कोरबा-छुरी-कटघोरा और उरगा से पत्थलगांव मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। इसी



तरह से रायगढ़ जिले में उरगा से पत्थलगांव, सरगुजा में अम्बिकापुर से पत्थलगांव एवं अंम्बिकापुर से रामानुजगंज गढ़वा मार्ग के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने जशपुर जिले में पत्थलगांव से कुनकुरी मार्ग और दुर्ग रायपुर बायपास भारतमाला परियोजना और रायपुर से विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना के कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत एलडब्ल्यू ई प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत बीजापुर आवापल्ली, बासागुडा, जगरगुण्डा मार्ग, बीजापुर मोदकपाल तारलागुड़ा और नेलसनार से कोडोली मिरतूर गंगालूर मार्ग की सड़कों के निर्माण की स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। इसी तरह से सुकमा जिले के अंतर्गत पैदागुड़म-गोलापल्ली मार्ग, कोन्टा से गोलापल्ली, चिंतलनार से मरियागुडा मार्ग और भेज्जी से चिंतागुफा मार्ग के कार्यों की समीक्षा की। इसी तरह से छोटेडोंगर से ओरछा मार्ग, नारायणपुर से सोनपुर मरोड़ा मार्ग, नारायणपुर से पल्ली बारसूर मार्ग तथा कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा-प्रतापपुर-कलगांव-कोयलीबेड़ा और अन्तागढ़-बेड़मा मार्ग के निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बस्तर संभाग में नये मोबाईल टॉवर लगाने हेतु भूमि उपलब्ध कराने एवं इसके लिए आवश्यक स्वीकृतियों के लिए नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोण्डगांव जिले के कलेक्टरों को जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर संभाग में भारत नेट परियोजना तथा अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत आप्टिकल फाईबर केबल क्लियरेंस हेतु लंबित आबंटनों के संबंध शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने नवगठित जिले मोहला मानपुर और खैरागढ़ में मोबाईल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में वन एवं गृह विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगवा, एडीजी विवेकानंद सहित लोक निर्माण, वन, राष्ट्रीय राजमार्ग, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, चिप्स के अधिकारी शामिल हुए।

# अक्षरों से अलख जगाने का दिवस है अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस - मुख्यमंत्री

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 सितम्बर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बघेल ने आज यहां जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अक्षरों की अलख जगाने का दिन है, अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। यह अक्षर ज्ञान के प्रकाश से समाज में सुख और समृद्धि फैलाने के संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा है कि श्रीवास्तव में अक्षर ज्ञान वह पहला द्वार है, जहां से ज्ञान के अनंत रास्ते खुलते हैं। साक्षरता से शिक्षा और शिक्षा से विकास का सीधा संबंध है। साक्षरता दिवस देश में साक्षरता के वर्तमान सोपान पर गर्व करने का दिन है। लगभग एक चौथाई आबादी को साक्षर बनाने के बारे में चिंतन और प्रण करने का दिन है। इसके लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की बड़ी आवश्यकता है। व्यापक जनभागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि साक्षर समाज, समानता, शांति और विकास का मूल आधार है। सन् 1966 में यूनेस्को ने 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। साक्षरता दिवस 2022 की थीम ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेज' (ज्तंदवितउपदह स्पजमतंबल स्मंतदपदहै चंबमे) है। वर्ष 2022-27 के लिए न्यू इंडिया लिट्रेसी प्रोग्राम नामक एक नई योजना को मंजूरी दी गई है। अब देश में प्रौढ़ शिक्षा शब्द को सभी के लिए शिक्षा'' के रूप में बदल दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस वर्ष नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से नई शुरूआत की गई है, जो पांच वर्षों तक संचालित किया जाएगा। इसमें बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान महत्वपूर्ण जीवन कौशल जैसे डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा, जीवन पर्यन्त शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं और छत्तीसगढ़ को शत-प्रतिशत साक्षर बनाते हुए डिजिटल साक्षरता, जागरूकता सहित जीवन पर्यन्त शिक्षा की ओर अग्रसर हों। हमें साक्षरता के नए आयामों को छूना है। उन्होंने शालाओं और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि साक्षरता के पुनीत कार्य में भागीदार बनें। साक्षरता की नई उपलब्धियों से प्रदेश का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित होगा तथा हम गढबो नवा छत्तीसगढ़ का लक्ष्य पूरा करेंगे।



## मामूली विवाद पर फिर चला चाकू,एक घायल

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** राजधानी रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने मामूली विवाद पर दूसरे युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना राजीव गांधी चौक के पास स्थित विशारद अस्पताल के सामने की है जहां संजय नगर निवासी शोएब रजा पर मौदहापारा निवासी मोहन रक्सेल ने चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद शोएब ने इसकी शिकयत कोतवाली थाने में दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोहन रक्सेल को गिरफ्तार कर लिया है। शोएब ने पुलिस को बताया कि वह सदर बाजार की ओर से आ रहा था इसी दौरान पीछे से गाली गलौच की आवाज आयी पीछे मुड़कर देखा तो एक मोटर सायकल जिसमें तीन लोग सवार थे, गाली गलौच करते आ रहे थे जिन्हें उसने गाली गलौच करने से मना किया तब उक्त मोटर सायकल सवार लोग उससे आगे चले गये वह जैसे ही विशारद अस्पताल राजीव गांधी चौक के पास पहुंचा तो उक्त मोटर सायकल में सवार तीनो व्यक्तियों ने उसको अश्लील गाली गलौच करते हुए मोहन रक्सेल ने अपने पास रखें धारदार नुकीली वस्तु से प्रार्थी के पैर के जांघ में मारकर चोट पहुंचाया और फ्रार हो गये।

### छग शासन प्रदत्त जंगी इनाम के लिए जिला सैनिक बोर्ड में आवेदन करें

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** ऐसे पालक जिनके एक मात्र संतान हैं जो सेना में सेवारत अथवा सेवानिवृत्त सैनिक है। ऐसे पालक (पिता-माता) को जंगी ईनाम स्वरूप प्रति वर्ष पांच हजार रूपये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। रायपुर जिले के अतिरिक्त धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद एवं बलौदा बाजार जिले के भूतपूर्व सैनिक एवं सेवानिवृत्त सैनिक के पालक जिला सैनिक कल्याण रायपुर में आवेदन कर आर्थिक लाभ ले सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) से कार्यालयीन समय मे स्वयं अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2237449 या मों नं. 7646853020 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### मौसम विभाग का पूर्वअनुमान:राज्य के कुछ स्थानों पर हो सकती हैं बारिश

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** राजधानी रायपुर में बीते 2 दिनों से उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है. मंगलवार को रायपुर के अलग-अलग हिस्सों में कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई थी. उसके बाद फ्रि एक बार धूप निकलने के कारण उमस भरी गर्मी देर रात तक महसूस की गई. बुधवार की सुबह राजधानी में हल्के बादल छाए रहने के साथ ही उमस भरी गर्मी सुबह से महसूस हो रही है. इसी तरह के हालात दिनभर बने रहने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर गंगानगर, हिसार, हरदोई, गोरखपुर, पटना, रांची, बालासोर और उसके बाद पूर्व उत्तर पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है. उत्तर-दक्षिण द्रोणिका छत्तीसगढ़ से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## बारह करोड़ का गबन और धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** स्वयं को एक कंपनी का मालिक बताकर सरिया उत्पाद कंपनियों से माल खरीदकर बारह करोड़ का गबन और धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी तथा उसके सहयोगी को उरला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी भावेश पटेल को उंझा गुजरात एवं दूसरे आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार ईश्वर टीएमटी उरला के संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मई 2022 में लगभग 1 करोड़ 33 लाख रूपए का टीएमटी सरिया स्वास्तिक स्टील्स नामक फर्म के संचालक भावेश पटेल को उधार में बिक्री किया गया था। जिसे उसने किसी अन्य फर्म को बिक्री कर रकम प्राप्त कर लिया किंतु ईश्वर टीएमटी को पैसे नही दिया। तथा पैसे की मांग करने पर भावेश पटेल फ्रार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपी भावेश पटेल गुजरात भाग गया है। जिसके बाद पुलिस ने भावेश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को गुजरात भेजा था। गुजरात पहुंचकर पुलिस पार्टी ने भावेश पटेल की तलाश शुरू की, लेकिन भावेश पटेल पुलिस पार्टी को चकमा देता रहा किंतु अंत में पकड़ा गया। भावेश पटेल को पुलिस अभिरक्षा में रायपुर लाकर रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ में भावेश ने बताया कि काफी समय से उसके द्वारा रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर के टीएमटी सरिया उत्पाद बड़ी कंपनियों से सरिया खरीदकर उसे छग के अलावा अन्य राज्यों को माल सप्लाई किया जाता था। 2019 में उसके द्वारा संचालित जय दुर्गा स्टील्स फर्म फाफाडीह रायपुर में आयकर विभाग का छापा पड़ा था। उसके बाद उसका कारोबार ठप पड़ गया था। तब उसने अपने साथी नितेश गोयल निवासी कबीर नगर रायपुर को ट्रेडिंग के काम में शामिल किया। उसने व्यापारियों को बताया कि स्वास्तिक स्टील्स उसकी कंपनी है, जबकि उक्त कंपनी नितेश गोयल की थी। स्वास्तिक स्टील्स नामक फर्म के नाम से टीएमटी विक्रेता कंपनियों से माल खरीद कर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के खरीददारों को माल बिक्री करने का बड़ा कारोबार फ्रि से चालू कर लिया। पुराने व्यापारी भावेश पटेल पर भरोसा कर उसे माल देते रहे। इसके बाद व्यापारियों को धोखा देने का सिलसिला शुरू हुआ। टीएमटी सरिया अधिक दामों में खरीद कर कम दामों में बेचकर भी स्वास्तिक स्टील्स मार्केट में अपना रूतबा कायम रखने का दिखावा करती रही पर जब विक्रेता कंपनियों की देनदारी बढने लगी तब अचानक जून 2022 के आसपास भावेश पटेल अपना मोबाइल बंद कर फ्रार हो गया। तब तक ईश्वर टीएमटी सहित लगभग सोलह कंपनियों का करीबन बारह करोड़ की देनदारी स्वास्तिक स्टील्स पर थी। भावेश पटेल ने बताया कि स्वास्तिक स्टील्स फर्म के असली प्रोपाराईटर नितेश गोयल के साथ 70/30 प्रतिशत के लाभांश में काम करने का करार कर शुरूआत में व्यापारियों का भरोसा अर्जित कर बाद में धोखाधड़ी व बड़े पैमाने में रकम के गबन करने का प्लान बनाया था। इधर पकड़े जाने के बाद दोनों आरोपी एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे है। फ्लिहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रक्षामंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण निधि से छात्रवृति के लिए आनलाइन फॉर्म

**रायपुर,08 सितंबर ( एजेंसी )।** भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं के आश्रित बच्चो को अध्ययन हेतु रक्षामंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण निधि से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस तारतम्य में जिला रायपुर, धमतरी, महासमुन्द, बलौदाबाजार एवं गरियाबन्द के भूतपूर्व सैनिक और विधवा अपने अध्ययनरत बच्चों के छात्रवृत्ति के लिए केंद्रीय सैनिक बोर्ड के वेबसाइट में आवेदन कर सकते है। कक्षा 1ली से 9वीं और 11वीं मे पढ़ाई कर रहे छात्र 15 सितंबर तक, 10वीं एवं 12वीं के छात्र 15 अक्टूबर तक तथा स्नातक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष उतीर्ण छात्र 15 नवम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते है।छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने सभी दस्तवेजों को मूल प्रति के माध्यम से अपलोड करें। इसके बाद छात्र या पालक रायपुर जिला सैनिक बोर्ड में अपलोड किये गये दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराये। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर में कार्यालयीन समय मे स्वयं आकर अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2237449 अथवा मों नं. 7646853020 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# आइएनएस विक्रांत:समुद्र में भारत का डंका

**भारत की नौसेना ने आइएनएस विक्रांत नामक विमानवाहक पोत को समुद्र में उतारकर सारी दुनिया में भारत की शक्ति का डंका बजा दिया है। भारत के पास पहले भी एक विमानवाहक पोत था लेकिन वह ब्रिटेन से लिया हुआ था लेकिन यह विमानवाहक पोत खुद भारत का अपना बनाया हुआ है। इस समय ऐसे पोतों का निर्माण गिनती के आधा दर्जन देश ही कर पाते हैं। उन्हें सारी दुनिया महाशक्ति राष्ट्र ही कहती है।**

**वेद प्रताप वैदिक**

भारत के इस विक्रांत ने उसे अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी की तरह महाशक्ति राष्ट्रों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। यह उपलब्धि उतनी ही बड़ी है, जितनी अटलबिहारी वाजपेयी के जमाने में हुई परमाणु विस्फोट की थी लेकिन इसमें और उसमें इतना फर्क है कि पोखरन के उस विस्फोट के समय लगभग सभी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बुरी तरह से बौखला गए थे और पाकिस्तान भी भारत की नकल पर उतारू हो गया था लेकिन अब न तो कोई महाशक्ति बौखलाई है और न ही पाकिस्तान इस स्थिति में है कि वह विक्रांत की तरह अपना कोई विमानवाहक पोत अगले कई दशकों में खड़ा कर सके। भारत को मिले इस गौरव के लिए हमारे इंजीनियरों, विशेषज्ञों, फौजियों, सरकारी और सैकड़ों निजी कंपनियों को इसका श्रेय है लेकिन आश्चर्य है कि इसका श्रेय लेने के लिए भाजपा ओर कांग्रेस के नेता आपस में खींचातानी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत की अपूर्व उपलब्धि बताया, यह ठीक ही है। उनके कार्यकाल में वह बनकर तैयार हुआ तो वे उसका विमोचन नहीं करते तो कौन करता? यह किसी



व्यक्ति-विशेष की नहीं, भारत की उपलब्धि है। इस पोत के निर्माण में हमारे सैकड़ों अफसरों ने ब्रिटेन जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह कई दशकों के प्रयत्न से बनकर तैयार हुआ है। इसके निर्माण के दौरान 40,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। इसमें 1500 टन स्टील लगा है। इस पोत पर 30 विमान तैनात किए जा सकते हैं। इसमें 1600 कर्मचारी होंगे। इसके निर्माण में 20 हजार करोड़ रु. खर्च हुए हैं लेकिन इसका 85 प्रतिशत पैसा भारत में लौट आया है। यह ठीक है कि अमेरिका, चीन और ब्रिटेन जैसे देशों के पास इससे भी काफी बड़े विमानवाहक पोत हैं लेकिन भारत में तो अभी इसका शुभारंभ हुआ है। इससे अन्य फौजी उपकरण भारत में बनाने का जो उत्साह पैदा होगा, उसकी कल्पना हम कर सकते हैं। विक्रांत पोत हमारे राष्ट्रीय आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाने में विशेष योगदान करेगा। भारत की जल-सीमाओं को तो यह पोत अब सुरक्षित करेगा ही अब हिंद महासागर में बाहरी राष्ट्रों की दादागीरी को भी नियंत्रित करने में इसका सशक्त योगदान होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी के सामुद्रिक शौर्य को याद करके भारतीय युद्ध-प्रतिभा का सिक्का दुनिया के सामने जमाया। उन्होंने एक और महत्वपूर्ण काम किया। वह यह कि हमारे नौसेना के ध्वज से ब्रिटिश प्रतीक चिन्ह 'क्रास ऑफ सेंट जाइर्ज' को हटवाकर उसकी जगह शिवाजी के अष्टकोणीय प्रतीक के साथ 'शं नो वरूण:' वेदमंत्र भी जड़वा दिया। जैसे कभी हमारे राष्ट्रपति भवन से 'यूनियन जैक' की जगह तिरंगा लहराया था, वैसी ही एतिहासिक भूल सुधार यह किया गया है।

## संपादकीय

# बड़ी चक्कियों के बीच

देश कर्ज संकट में फंसे हुए हैं। उनकी इस विपदा को दुनिया की दोनों बड़ी ताकतों ने अपने-अपने रणनीतिक हित साधने का अवसर बना लिया है। श्रीलंका जैसे विकासशील देशों की हालत ठीक वैसी हो गई है, जैसी चक्कियों में अनाज की होती है। ये देश कर्ज संकट में फंसे हुए हैं। इस संकट के कई पहलू ऐसे हैं, जिन पर उनका वश नहीं था। मसलन, कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध। मगर उनका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ रहा है। उनकी इस विपदा को दुनिया की दोनों बड़ी ताकतों ने अपने-अपने रणनीतिक हित साधने का अवसर बना लिया है। खास कर ऐसी हालत उन देशों की है, जिन्होंने पश्चिमी बाजार से साथ-साथ चीन से भी कर्ज ले रखा है। इस खबर पर गौर कीजिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका के लिए 2.9 बिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर करने की घोषणा की। इसके बावजूद श्रीलंका की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। वजह आईएमएफ का ये रुख है कि अगर कर्ज चुकाने की समयसीमा नए सिरे से तय करने (डेट रिस्ट्रक्चरिंग) के फॉर्मूले पर बाकी कर्जदाता देश राजी नहीं हुए, तो वह मंजूर हुए कर्ज का भुगतान नहीं करेगा। इस रुख का सीधा निशाना चीन है। ये आम धारणा है कि आईएमएफ अमेरिका के विदेश नीति उद्देश्यों के मुताबिक काम करता है। तो संभवत: अब वह इस कोशिश में है कि इसी बहाने श्रीलंका को चीन के प्रभाव से बाहर निकाल लिया जाए।आईएमएफ की श्रीलंका गई टीम के प्रमुख पीटर ब्रिउअर ने कहा- 'अगर कोई एक या कई कर्जदाता देश ऐसे आश्वासन देने पर राजी नहीं हुए, तो वास्तव में श्रीलंका का संकट और गहराएगा। उस स्थिति में श्रीलंका की कर्ज भुगतान क्षमता पर शक बना रहेगा।' गौरतलब है कि पश्चिमी कर्जदाता देशों के समूह पेरिस क्लब की डिफॉल्टर देशों के बारे में नीति एक जैसी है। ये नीति आईएमएफ से मेल खाती है। लेकिन चीन की इस मामले में अलग नीति है। संभवत: चीन पश्चिम के मुताबिक अपनी नीति ढालने को तैयार नहीं होगा। तब श्रीलंका के पास एक ही रास्ता यह रह जाएगा- या तो वह संकट में फंसा रहे या चीन से अपना जुड़ाव खत्म कर ले। एक अन्य रास्ता पूरी तरह चीन के खेमे में शामिल हो जाने का है। लेकिन इस पर श्रीलंका आम सहमति नहीं बनेगी। तो अब श्रीलंका क्या करेगा, इस पर दुनिया भर की निगाहें टिकी हैं।

# ट्रंप, पुतिन, शी, राजपक्षे जैसों से वैश्विक राहुकाल!

मुझे लगता है पूरी दुनिया बुरे राहु काल में फंसी है। हर तरफ मूर्ख, अकड़ू और कट्टर नेताओं को सत्ता मिली हुई है या



मिल रही है। न डेमोक्रेटिक देश अपवाद हैं और न तानाशाह देश। नौ बड़े अमीर देशों पर गौर करें। अमेरिका में राष्ट्रपति बाइडन के आगे कट्टरपंथी गोरों के बल पर डोनाल्ड ट्रंप भारी चुनौती हैं। बाइडन ने गुरूवार को कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र 'मेगा फोर्सेस' से खतरे में है। मतलब डोनाल्ड ट्रंप के सपोर्टरों का 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का हल्ला अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा है। ये लोग देश को पीछे ले जाना चाहते हैं। सचमुच में डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी पर कब्जा बना कर उस पार्टी को उग्रवादी और सेमी फासिस्ट बनाते हुए हैं। ऐसा यूरोप में भी होता हुआ है। मैक्रों वापिस राष्ट्रपति बने लेकिन संसद में कट्टर व एक्स्ट्रिम सांसदों का बोलबाला है। मेरा मानना है यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यूरोपीय संघ ने जिस एकजुटता से रूस के खिलाफ गोलबंदी की है तो वह यूरोप में टकराव को स्थायी बनाना है। ब्रिटेन में लिज ट्रस प्रधानमंत्री बनीं तो उनसे वैसी ही अनिश्चितता और परेशानी बनेगी, जैसे जर्मनी में ओलाफ स्कोल्ज की कमान में है। स्कोल्ज उदार हैं, सोशल डेमोक्रेट हैं लेकिन हड़बड़ाए हुए हैं। तभी सर्दियों में जर्मनी सर्वाधिक बुरी दशा में होगा। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस के बाद इटली राजनीतिक अस्थिरताओं का मारा है तो जापान और कनाडा में सब ठीक होते हुए भी दोनों देश अमेरिका और यूरोप की दशा से दबावों में हैं। इन सात के बाद आर्थिकी के नाते चीन और रूस पर गौर करें तो एक तरफ पुतिन का निरंकुश, कट्टर और अकड़ू मिजाज का राज है। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जीनफिंग का रूख न केवल राक्षी है बल्कि आत्मघाती भी है। कोविड और विकास रेट तथा ताइवान को लेकर राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने जैसा कट्टर और अकड़ू रवैया अख्तियार किया है उससे चीन का अपने आप बरबादी का रास्ता बनता हुआ है। फिर आए भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका पर। क्या कहूं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति बोल्सोनारो और राष्ट्रपति रामफोसा पर जितना बताया जाए कम होगा। आप खुद ही समझें। जो हो, आने वाले सालों में देशों की आर्थिकियों, मंदी, बेरोजगारी, लड़ाई और देशों की सेहत तथा उनके बिगड़ने-बिखरने में वह कुछ होना है, जिसकी हम और आप कल्पना ही कर सकते हैं।

# गोर्बाच्येव थे रूसी महानायक



मिखाइल गोर्बाच्येव के निधन पर पश्चिमी दुनिया ने गहन शोक व्यक्त किया है। शोक तो व्लादिमीर पुतिन ने भी प्रकट किया है लेकिन रूस के इतिहास में जैसे व्लादिमीर इलिच लेनिन का नाम अमर है, वैसे ही गोर्बाच्येव का भी रहेगा। रूस के बाहर की दुनिया शायद लेनिन से ज्यादा गोर्बाच्येव को याद करेगी। यह ठीक है कि लेनिन के प्रशंसक और अनुयायी चीन से क्यूबा तक फैले हुए थे और माओ त्से तुंग से लेकर फिदेल कास्त्रो तक लेनिन की विरुदावलियां गाया करते थे लेकिन गोर्बाच्येव ने जो कर दिया, वह एक असंभव लगनेवाला कार्य था।

उन्होंने सोवियत संघ को कम्युनिस्ट पार्टी के शिकंजे से बाहर निकाल दिया, सारी दुनिया में फैले शीतयुद्ध को विदा कर दिया, सोवियत संघ से 15 देशों को अलग करके आजादी दिलवा दी, दो टुकड़ों में बंटे जर्मनी को एक करवा दिया, वारसा पेक्ट को भंग करवा दिया, परमाणु-शस्त्रों पर नियंत्रण की कोशिश की और रूस के लिए लोकतंत्र के दरवाजे खोलने का भी प्रयत्न किया। यदि मुझे एक पंक्ति में गोर्बाच्येव के योगदान को वर्णित करना हो तो मैं कहूंगा कि उन्होंने 20 वीं सदी के महानायक होने का गौरव प्राप्त किया है। बीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक विचारधारा और मानव मुक्ति का जितना असंभव कार्य गोर्बाच्येव ने कर दिखाया, उतना किसी भी नेता ने नहीं किया। लियोनिद ब्रेझनेव के जमाने में मैं सोवियत संघ में पीएच.डी. का अनुसंधान करता था। उस समय के कम्युनिस्ट शासन, बाद में गोर्बाच्येव-काल तथा उसके बाद भी मुझे रूस में रहने के कई मौके मिले हैं। मैंने तीनों तरह के रूसी हालात को नजदीक से देखा है। कार्ल मार्क्स के सपनों के समाजवादी समाज की अंदरुनी हालत देखकर मैं हतप्रभ रह जाता था। मास्को और लेनिनग्राद में मुक्त-यौन संबंध, गुप्तचरों की जबर्दस्त निगरानी, रोजमर्रा की चीजों को खरीदने के लिए लगनेवाली लंबी कतारें और मेरे-जैसा युवा मेहमान शोध-छात्र के लिए सोने के पतरों से जड़ी कारें देखकर मैं सोचने लगता था कि हमारे श्रीपाद अमृत डांग क्या भारत में भी ऐसी ही व्यवस्था कायम करना चाहते हैं? गोर्बाच्येव ने लेनिन, स्तालिन, ख्रुश्चेव और ब्रेझनेव की बनाई हुई इस कृत्रिम व्यवस्था से रूस को मुक्ति दिला दी। उन्होंने पूर्वी यूरोप के देशों को ही रूसी चंगुल से नहीं छुड़वाया बल्कि अफगानिस्तान को भी रूसी कब्जे से मुक्त करवाया। अपने पांच-छह साल (1985-1991) के नेतृत्व में उन्होंने 'ग्लासनोस्त' और 'पेरिस्त्रोइका' इन दो रूसी शब्दों को विश्व व्यापी बना दिया। उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिला लेकिन रूसी राजनीति में पिछले तीन दशक से वे हाशिए में ही चले गए। उनके आखिरी दिनों में उन्हें अफसोस था कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। उनकी माता यूक्रेनी थीं और पिता रूसी! यदि गोर्बाच्येव नहीं होते तो आज क्या भारत-अमेरिकी संबंध इतने घनिष्ट होते? रूसी समाजवादी अर्थ-व्यवस्था की नकल से नरसिंहरावजी ने भारत को जो मुक्त किया, उसके पीछे गोर्बाच्येव की प्रेरणा कम न थी।

# आजाद हार्ड लाइन लेकर राजनीति करेंगे

गुलाम नबी आजाद ने पार्टी का ऐलान नहीं किया है लेकिन अपनी पार्टी का एजेंडा घोषित कर दिया है और उससे साफ हो गया है कि उनकी चुनावी रणनीति क्या होगी? वे हार्ड लाइन लेकर ही राजनीति करेंगे। जैसे कश्मीर घाटी की दूसरी प्रादेशिक पार्टियां- जैसे नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी, अपनी पार्टी आदि राजनीति कर रही हैं उसी तरह आजाद की पार्टी भी राजनीति करेगी। उनके बारे में भले यह धारणा बन रही है कि वे भाजपा की बी टीम हैं और भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए राजनीतिक दल बना रहे हैं लेकिन उनका एजेंडा हार्ड लाइन पार्टी वाला होगा तभी उनको कश्मीर घाटी में वोट मिल पाएंगे। अगर उन्होंने एजेंडा भी भाजपा वाला रखा तो उनको न जम्मू में वोट मिलेंगे और न घाटी में है। उनको अपने एजेंडे और प्रचार से दिखाना है कि वे भाजपा की बी टीम नहीं हैं, बल्कि भाजपा से भी लड़ रहे हैं ।तभी उन्होंने पार्टी की घोषणा करने से पहले अपनी रैली में पार्टी के तीन एजेंडे बताए। आजाद ने बताया कि वे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए काम करेंगे। यह कोई एजेंडा नहीं है क्योंकि सरकार ने कहा है कि वह राज्य का दर्जा बहाल करेगी। जम्मू कश्मीर अनंतकाल तक केंद्र शासित प्रदेश नहीं रहने वाला है। सवाल सिर्फ इतना है कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा या उसके बाद होगा। लेकिन आगे के दो एजेंडे हार्ड लाइन वाले हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ जम्मू कश्मीर के लोगों को ही राज्य में नौकरी मिले और सिर्फ स्थानीय लोग ही जमीन खरीद पाएं। यानी बाहर के लोग न जमीन खरीद सकें और न नौकरी कर सकें। यह पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस जैसी पार्टियों का एजेंडा है। लेकिन ऐसा होगा नहीं क्योंकि फिर अनुच्छेद 370 और 35ए समाप्त करने का मकसद पूरा नहीं हो पाएगा। इस बात को आजाद भी जानते हैं फिर भी वे अपने को घाटी के मुसलमानों का मसीहा बताने के लिए इन मुद्दों पर राजनीति करेंगे। उनको पता है कि तभी वोट मिल पाएगा और वे कुछ हद तक भाजपा का मकसद पूरा कर पाएंगे।

## राशिफल



मेष

आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। प्रेमी के साथ विचारों को साफ प्रकट करने से गलतफ़हमियां दूर होंगी।



वृषभ

आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश हो जायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।



मिथुन

आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आपके लिए कोई फैसला करना थोड़ा कठिन हो सकता है। आपका पैसा कहीं अटक सकता है।



कर्क

आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। आपको पारिवारिक विवादों से बचने की कोशिश करना चाहिए।



सिंह

आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम कर सकते हैं। आपको किसी सामाजिक कार्यों में शामिल होने का मौका मिल सकता है। मेहनत से काम में आपको सफलता मिलेगी।



कन्या

आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के जो लोग समाज सेवा से जुड़े हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।



तुला

आप अपने व्यक्तित्व को निखारने की कोशिश कर सकते हैं। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में अलग पहचान बनाने में आपकी मदद करेगा। पैसों की चिंता आपको थोड़ा परेशान कर सकती है।



वृश्चिक

आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगो को प्रमोशन की बात हो सकती है। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है।



धनु

आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।



मकर

आपका दिन उत्तम रहेगा। आपकी जिंदगी में होने वाला बदलाव आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा, किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए दिन शुभ है।



कुंभ

आपका दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपका सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। कार्यालय में अधिकारी आपके काम को देखकर खुश होंगे।



मीन

आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम को करते समय आपको अपने मन को शांत रखना चाहिए। आपका काम आसानी से सफल हो जायेगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर लेने चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य -186

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 185 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू- दोकू क्र.186

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.185 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने किया 'रिसर्च 360' को लॉन्च

## गूगल प्ले स्टोर और एपल उपकरणों के लिए एप स्टोर दोनों पर आसानी से उपलब्ध है

**मुंबई ,08 सितंबर ।** मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने एक नये प्रकार का पहला वित्तीय बाजार शोध और विश्लेषण मंच 'रिसर्च 360' को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह अनूठा मंच निवेशकों और व्यापारियों के लिए विस्तृत मौलिक और तकनीकी अनुसंधान के लिहाज से एक केंद्रीकृत सोर्स के रूप में कार्य करेगा जो इक्विटी, डेरिवेटिव, म्युचुअल फंड, थीम आधारित और मॉडल पोर्टफोलियो आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विवेकपूर्ण निवेश या व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेगा।

रिसर्च 360 एप निवेशकों की डीआईवाय श्रेणी के साथ-साथ रेडीमेड शोध समाधानों की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक उत्कृष्ट और अनूठा प्रस्ताव है। 'रिसर्च 360' का लॉन्च वित्त वर्ष 23 में डिजिटल प्रॉडक्ट्स पोर्टफोलियो के विस्तार का एक हिस्सा है। रिसर्च 360 प्लेटफॉर्म में मुख्य निवेशक पोर्टफोलियो जैसी अनूठी विशेषताएं हैं, जिससे नौसिखिए निवेशक स्टॉक पोर्टफोलियो बनाने के शिल्प को समझ सकते हैं। टेक्नो-फंडा स्कैनर्स परिपच्च निवेशकों को एक मेन्यू में कीमत, वॉल्यूम, फंडामेंटल जैसे तकनीकी संकेतकों आदि से संबंधित 200 से अधिक स्कैन का लाभ देता है। यह एप एसडब्ल्यूओटी एनालिसिस, कम्पेयरिंग स्टॉक्स, एफएंडओ एनालिटिक्स, एमओ इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज रिसर्च रिपोर्ट्स और एसे इनवेस्टर्स पोर्टफोलियो जैसी अन्य प्रमुख विशेषताएं भी प्रदान करता है। इस उत्पाद के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ अजय मेनन ने कहा, खुदरा निवेशक इक्विटी बाजारों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गत 31 मार्च 2022 तक भारत में सक्रिय डीमैट खातों की संख्या 8.97 करोड़ थी जो वित्त वर्ष 2022 में 63 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। हमें लगता है कि पूंजी बाजार में निवेश किसी एक द्वारा चुने गए निवेश के बारे में विस्तृत शोध के बाद किया जाना चाहिए। मोतीलाल ओसवाल 35 से अधिक वर्षों से इक्विटी बाजारों में हैं और उन्होंने हमारे शोध क्षेत्र तक सभी निवेशकों को पहुंच प्रदान करने के बारे में सोचा, भले ही वह हमारे ग्राहक हों या नहीं। हमारी नवीनतम पेशकश, रिसर्च 360 सभी निवेशकों को मोतीलाल ओसवाल के पुरस्कार विजेता शोध तक पहुंच प्रदान करेगी और उन्हें निवेश संबंधी निर्णय लेने में मदद करेगी।'' श्री मेनन ने कहा, साल दर साल 44 प्रतिशत की कुल खुदरा ग्राहक वृद्धि के साथ, बीएंडडी व्यवसाय अपने खुदरा ग्राहक आधार को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। एक ग्राहक केंद्रित संगठन के रूप में, हम अपने फिजिटल (फिजिकल और डिजिटल) वादे को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तकनीकों को लगातार बढ़ा रहे हैं। कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के हमारे लक्ष्य के साथ-साथ, हम एमओएफएसएल के साथ हाथ मिलाने के लिए कई व्यक्तिगत ब्रोकरों की भारी दिलचस्पी भी देख रहे हैं।'' रिसर्च 360 प्रत्येक निवेशकों और व्यापारियों के अनुसंधान के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। इस प्लेटफॉर्म को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह कई स्रोतों से डेटा सोर्सिंग की कंपनी की सदस्यता लागत को कम करेगा। रिसर्च 360 एप्लिकेशन एंड्रॉएड उपकरणों के लिए गूगल प्ले स्टोर और एपल उपकरणों के लिए एप स्टोर दोनों पर आसानी से उपलब्ध है। वर्तमान में विस्तृत शोध रिपोर्ट सेवाएं नि:शुल्क हैं, हालांकि आने वाले महीनों में हम प्रीमियम सदस्यता मॉडल पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल के रिटेल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस के वित्तीय उत्पाद वितरण एयूएम (प्रबंधनाधीन संपत्ति) में सालाना आधार पर 31 फीसदी की तेजी देखी गई और यह बढ़कर 16,764 करोड़ रुपये हो गया, वहीं वित्त वर्ष 22 में डीपी एयूएम में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उद्योग में उच्चतम एआरपीयू (प्रति यूनिट औसत राजस्व) में से एक के साथ बीएंडडी व्यवसाय ने वित्त वर्ष 2022 में अब तक का सबसे अधिक वार्षिक दैनिक टर्न ओवर, वार्षिक राजस्व और लाभ दर्ज किया।

# स्टॉक रॉकेट की तरह भर रहा उड़ान, तेजी का है बांग्लादेश से कनेक्शन

## दो दिनों में शेयर की कीमत 390 रुपये से बढ़कर 416 रुपये



**नई दिल्ली ,08 सितंबर ।** अडानी समूह के कई स्टॉक ने इस साल निवेशकों ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। इस लिस्ट में अडानी पावर भी शामिल है। बुधवार को कंपनी के नई ऊंचाई पर पहुंच गए। पिछले दो दिनों के दौरान अडानी पावर के शेयरों में 6.50 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। इन दो दिनों में कंपनी के एक शेयर की कीमत 390 रुपये से बढ़कर 416 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। आइए जानते हैं इस तेजी का बांग्लादेश से क्या कनेक्शन है? पिछले दिनों अडानी समूह के मुखिया गौतम अडानी बंग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिले थे। जिसके बाद उन्होंने ट्वीट करते हुए बताया था कि इस साल पूर्वी भारत में एक कोयले से चलने वाले प्लांट से बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शुरू करने की योजना बनाई गई है। गौतम अडानी के ट्वीट के मुताबिक झारखंड स्थित 1600 मेगावाट की गोड्डा पावर प्रोजेक्ट और बांग्लादेश को समर्पित ट्रांसमिशन लाइन को 16 दिसंबर 2022 को देश के विजय दिवस तक चालू करने की तैयारी है। इसी के बाद अडानी पावर के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। स्टॉक मार्केट के एक्सपर्ट के अनुसार कंपनी के फंडामेंटल शानदार हैं। डिमांड सप्लाई बढ़ने से उम्मीद है कि इस तिमाही कंपनी के आंकड़े शानदार रहेंगे। अडानी पावर के शेयरों में उछाल की बड़ी वजह बंग्लादेश को दी जाने वाली पॉवर सप्लाई के लेकर किया गया ऐलान है। चार्ट पैटर्न पर कंपनी भविष्य में बुलिश नजर आ रही है। यानी आने वाले समय में इसमें और तेजी देखने को मिल सकती है।

### 488 रुपये तक जाएगा कंपनी के शेयर का भाव

जीसीएल सिक्योरिटीज़ के सीईओ रवि सिंघल के अनुसार,'' अडानी पावर चार्ट पैटर्न पर बुलिश नजर आ रहा है। शॉर्ट टर्म में इसमें और तेजी देखने को मिल सकती है। जिसके पास यह स्टॉक है उन्हे 385 रुपये पर टॉप लॉस को मेंटेन करते हुए 444 रुपये और 488 रुपये के टारगेट प्राइस पर होल्ड करने की सलाह दी जाती है।

### इस साल दिया 350 प्रतिशत का रिटर्न

इस साल जिन कुछ कंपनियों ने निवेशकों को मालामाल किया है उसमें अडानी पावर एक है। कंपनी के शेयरों में साल 2022 में अबतक 300 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस दौरान कंपनी के शेयर का भाव 102 रुपये के लेवल से 406 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है। वहीं, बीते एक साल की बात करें तो कंपनी के एक शेयर के भाव में 350 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है।

# रिलायंस 3.2 करोड़ डॉलर में करेगी सोलर कंपनी सेंसहॉक का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली ,08 सितंबर ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 3.2 करोड़ डालर में अमेरिकी सोलर कंपनी सेंसहॉक इंक का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही सोलर एनर्जी के क्षेत्र में उसकी स्थिती और मजबूत होने की उम्मीद है। सेंसहॉक एक सोलर डिजिटाइज़ेशन प्लेटफ़ॉर्म है जो सोलर एनर्जी के क्षेत्र में एंड टू एंड मैनेजमेंट ऑफर करता है। 2018 में कैलिफ़ोर्निया में स्थापित सेंसहॉक, सौर ऊर्जा उद्योग के लिए सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रबंधन टूल का डेवलपर है। सेंसहॉक कंपनियों को प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सौर परियोजनाओं की योजना से लेकर उत्पादन तक व्यवस्था बनाने में मदद करता है। सेंसहॉक ने 15 देशों में फैले अपने 140 से अधिक ग्राहकों को उनकी करीब 600 साइटों पर एंड टू एंड सॉल्युशन दिए हैं। इस पर आरआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, हम अपने परिवार में सेंसहॉक का स्वागत करते हैं। रिलायंस, ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है और 2030 तक 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा बनाने में मदद करने का विजन रखती है। सेंसहॉक के सहयोग से हम सौर परियोजनाओं की लागत कम करेंगे, उत्पादकता बढ़ाएंगे और प्रदर्शन में सुधार करेंगे। मुझे विश्वास है कि आरआईएल के समर्थन से सेंसहॉक का कई गुना विकास होगा। सेंसहॉक के सीईओ और सह-संस्थापक स्वरूप मवनूर ने कहा, हम प्रसन्न हैं कि आरआईएल ने इस निवेश के साथ हम पर भरोसा किया है। लेन-देन कुछ नियामक और अन्य प्रथागत समापन शर्तों के अधीन है और 2022 के अंत से पहले पूरा होने की उम्मीद है।

# हैकिंग के जोखिम से बचने के लिए गूगल ने दी ये जरूरी सलाह

**नई दिल्ली ,08 सितंबर ।** गूगल ने अपने यूजर्स को सलाह दी है कि हैकर्स द्वारा सक्रिय रूप से शोषण किए जा रहे एक गंभीर बग के खिलाफ खुद को सुरक्षित रखने के लिए अपने क्रोम ब्राउजर में तुरंत एक सुरक्षा अपडेट इंस्टॉल करें।कंपनी ने कहा कि उसने विंडोज, मैक और लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर गूगल क्रोम यूजर्स के लिए एक सुरक्षा पैच जारी किया है जो आने वाले दिनों/सप्ताहों में रिलीज हो जाएगा। गूगल ने एक सुरक्षा अपडेट में कहा, बग विवरण और लिंक तक पहुंच को तब तक प्रतिबंधित रखा जा सकता है जब तक कि अधिकांश उपयोगकर्ता फिक्स के साथ अपडेट नहीं हो जाते। इसमें कहा गया है, अगर तीसरे पक्ष के पुस्तकालय में बग मौजूद है तो हम प्रतिबंध भी बनाए रखेंगे, जिस पर अन्य परियोजनाएं समान रूप से निर्भर करती हैं, लेकिन अभी तक ठीक नहीं हुई हैं। लेटेस्ट सुरक्षा अपडेट को सक्रिय करने के लिए क्रोम यूजर्स को अब अपने ब्राउजर को फिर से लॉन्च करने की आवश्यकता है। यह लेटेस्ट अपडेट गूगल द्वारा 30 अगस्त को क्रोम वर्जन 105 जारी करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। कंपनी ने कहा, हम उन सभी सुरक्षा शोधकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने विकास चक्र के दौरान सुरक्षा बग को स्थिर चैनल तक पहुंचने से रोकने के लिए हमारे साथ काम किया।

### सोना-चांदी के भाव गिरे

**मुंबई ,08 सितंबर ।** विदेशी बाजारों के नकारात्मक रुख के प्रभाव से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 130 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम उतर गई।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.28 प्रतिशत गिरकर 1705.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। वहीं, अमेरिका सोना वायदा 0.44 प्रतिशत बढ़कर 1717.40 डॉलर प्रति हो गया। इस दौरान चांदी हाजिर 0.56 प्रतिशत टूटकर 18.06 डॉलर प्रति औंस बोली गई।




# डेथ ओवरों में हमारी गेंदबाजी अच्छी रही : रोहित शर्मा

## श्रीलंका से हार के बाद कप्तान रोहित ने दी सफाई



**दुबइ ,08 सितंबर ।** श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप में मिली हार ने भारत के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। भारतीय टीम एशिया कप से बाहर होने की कगार पर खड़ी है। सुपर फोर राउंड में श्रीलंका से पहले टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था। अब भारत दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर है। श्रीलंका से हार के बाद जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए, तो उन्हें कुछ मुश्किलों सवालों का सामना करना पड़ा। इसमें वह हार पर सफाई देते नजर आए। मैच के बाद रोहित ने कहा- हम अपनी पारी के दौरान पहले हाफ का फायदा उठा सकते थे। हम 10-15 रन कम बना पाए। दूसरा हाफ हमारे लिए अच्छा नहीं रहा। जो खिलाड़ी जल्दी आउट हो गए, वे सीख सकते हैं कि कौन से शॉट सही समय पर खेले जा सकते हैं। मैच में ऐसा होता रहता है। इस तरह के नुकसान से हमें समझ आएगा कि एक टीम के रूप में हम क्या-क्या कर सकते हैं। रोहित ने कहा- बॉलिंग में हमने अच्छा प्रदर्शन किया और जिस तरह की शुरुआत श्रीलंका को मिली थी, उसके बावजूद हम मैच को आखिरी गेंद तक लेकर गए। स्पिनर्स ने आक्रामक गेंदबाजी की और बीच के ओवरों में विकेट हासिल किए, लेकिन श्रीलंका ने अच्छा खेल दिखाया। हमने सोचा कि बड़ी बाउंड्री के साथ हम स्पिनर्स का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन यह योजना काम नहीं आई। उनके दाएं हाथ के बल्लेबाजों ने काफी देर तक बल्लेबाजी की। श्रीलंका के सभी चार विकेट भारतीय स्पिनर्स ने लिए। तीन विकेट युजवेंद्र चहल और एक विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिया। हार्दिक पांड्या पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद एकबार फिर महंगे साबित हुए। कप्तान रोहित ने पाकिस्तान और अब श्रीलंका के खिलाफ दीपक हुड्डा को एक भी ओवर नहीं दिया। इसको लेकर उन्होंने कहा- मैंने हुड्डा को लाने और लंबी बाउंड्री का बेहतर इस्तेमाल करने के बारे में सोचा था, लेकिन मैंने तीन तेज गेंदबाजों से खुश था। दुर्भाग्य से आवेश फिटनेस टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। वह अच्छा रिस्पॉन्स नहीं दे पाए, क्योंकि वह काफी बीमार थे। हम आगे जो टीम कॉम्बिनेशन के साथ खेलेंगे वह चार तेज गेंदबाजों का होगा, लेकिन विश्व कप से पहले हम तीन तेज गेंदबाजों के कॉम्बिनेशन को आजमाना चाहते थे। रोहित ने कहा- हमें एक टीम के रूप में कुछ जवाब खोजने की जरूरत है। जैसे कि हम पांच गेंदबाजों के साथ किस स्थिति में हैं। अब हम जानते हैं कि हम इस टीम कॉम्बिनेशन के साथ किस स्थिति में हैं। कोई बड़ी और लंबी समस्या नहीं है। हमने बैक टू बैक केवल दो मैच गंवाए हैं। पिछले विश्व कप के बाद से हमने ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। इस तरह के मैच हमें सिखाएंगे। हम एशिया कप में खुद पर दबाव बनाना चाहते थे। हम अभी भी जवाब ढूंढ रहे हैं। ये एक के बाद एक दो नजदीकी मैच थे। रोहित ने अर्शदीप की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- डेथ ओवरों में हमारी गेंदबाजी अच्छी रही। अर्शदीप सिंह ने जिस तरह से आखिरी ओवर में गेंदबाजी की, वह काफी शानदार था। चहल और भुवनेश्वर सीनियर प्लेयर्स हैं और काफी समय से टीम के लिए अपना दायित्व निभा रहे हैं। मैं आवेश और अर्शदीप जैसे गेंदबाजों को आजमाना चाहता था और अब वह भी हो चुका है।

### हरमनप्रीत एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित, श्रीजेश और सविता पूनिया भी लिस्ट में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड) ,08 सितंबर ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत के साथ बेल्यिम के आर्थर डि स्लूवर और टॉम बून, जर्मनी के निकलास वेलेन और नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन शामिल हैं। महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए कोई भी भारतीय खिलाड़ी नामांकित नहीं हुई है। स्टार भारतीय ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रेणी में विश्व के पांच खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं गोलकीपर की श्रेणी में भारत के पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया का नाम है। एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड के लिए खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। वहीं महिला और पुरुष टीम के कोच नाम भी वार्षिक पुरस्कार की सूची में है।भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत के साथ बेल्यिम के आर्थर डि स्लूवर और टॉम बून, जर्मनी के निकलास वेलेन और नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन शामिल हैं। महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए कोई भी भारतीय खिलाड़ी नामांकित नहीं हुई है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष भी प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था।

### भारत ने जीत के साथ चैंपियनशिप की शुरुआत

**कोलंबो।** भारत के अंडर-17 युवाओं ने सोमवार को कोलंबो के रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के अपने शुरुआती मैच में भूटान के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की।स्ट्राइकर थांगलसुन गंगटे ने पहले हाफ में दो गोल करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया, जिसके बाद कप्तान वनलालपेका गुइटे ने दूसरे हाफ में तीसरा गोल करके जीत सुनिश्चित की। ब्लू कोल्ट्स (भारतीय युवाओं) को बढ़त हासिल करने में केवल 10 मिनट का समय लगा और गंगटे ने रिकी मीतेई के पास की मदद से गोल जमाया।

# जल्द वापसी के लिए करूंगा कोशिश : जडेजा



**नई दिल्ली ,08 सितंबर ।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के दाएं घुटने की सफल सर्जरी हो गई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी। जडेजा ने एशिया कप में पाकिस्तान और हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैच खेलने के बाद बाहर हुए थे। उन्होंने दोनों मैचों में टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जडेजा ने सर्जरी के बाद कहा है कि वह जल्दी वापसी के लिए कोशिश करेंगे।जडेजा की जगह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया था। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए अक्षर पटेल पहले ही रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे।जडेजा ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, सर्जरी सफल रही। समर्थन और भागीदारी के लिए धन्यवाद देने के लिए बहुत से लोग हैं- बीसीसीआई, मेरे साथी, सहयोगी स्टाफ, फिजियो, डॉक्टर और प्रशंसक। मैं जल्द ही अपना रिहैब शुरू करूंगा और जल्द से जल्द क्रिकेट में वापसी करने की कोशिश करूंगा। आपकी शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद।



# अपने देश और राज्य यूपी का प्रतिनिधित्व करना एक परम सम्मान की बात – रैना

**नई दिल्ली ,08 सितंबर ।** टीम इंडिया के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने अब क्रिकेट के हर प्रारूप से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। रैना को क्रिकेट खेलने के लिए ही क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा करनी पड़ी है। इस एक वाक्य में बहुत कुछ छिपा है। रैना ने फिलहाल के लिए भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। वे अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई से संबद्ध रखने वाले किसी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज और मिस्टर आईपीएल के नाम से फेमस सुरेश रैना ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि अपने देश और राज्य यूपी का प्रतिनिधित्व करना एक परम सम्मान की बात है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करना चाहता हूं। मैं बीसीसीआई, यूपीसीए, चेन्नई सुपर किंग्स, राजीव शुक्ला सर और मेरे सभी प्रशंसकों का उनके समर्थन और मेरी क्षमताओं में अटूट विश्वास के लिए उनका धन्यवाद करना चाहूंगा। दरअसल, सुरेश रैना अलग-अलग लीग में खेलना चाहते हैं और वे 10 सितंबर से शुरू हो रही रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का भी हिस्सा होंगे। हालांकि, बीसीसीआई की पॉलिसी कहती है कि वो खिलाड़ी जो किसी भी प्रकार से बीसीसीआई से जुड़ा है, वो किसी भी विदेशी लीग या फिर किसी अन्य टूर्नामेंट में नहीं खेल सकता। बीसीसीआई किसी भी क्रिकेटर को अन्य टूर्नामेंट या लीग में खेलने की अनुमति नहीं देती है। सुरेश रैना को भी क्रिकेट खेलने के लिए ही क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा करनी पड़ी है। रैना अब दुनिया की किसी भी टी20 या टी10 लीग में खेल सकते हैं और वे किसी अन्य टूर्नामेंट में भी प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। ऐसे में वे अब कभी आईपीएल में भी खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। 15 अगस्त 2020 को सुरेश रैना ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा था, जब एमएस धोनी ने रिटायरमेंट का ऐलान किया था। रैना आईपीएल 2020 में नहीं खेले थे, लेकिन 2021 के सीजन में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे।

# वर्ष में एक दिन के लिए खुलने वाले संतानदात्री लिंगई माता का दरबार खुला

**कोण्डागांव, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले के फरसगांव जनपद अंतर्गत ग्राम आलोर के झांटीबंद पारा की पहाड़ी में एक प्राकृतिक गुफा में विराजित लिंगई माता के दर्शन साल में एक बार होते हैं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू पंचाग के भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष द्वादश तिथि बुधवार 07 सितंबर को तड़के पांच बजे गुफा के द्वार खोले गये। आलोर की गुफा में लिंग स्वरूप में विराजित संतानदात्री लिंगई माता का पूजा विधान संपन्न किया जाकरश्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। विगत वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण श्रद्धालू यहां नही पंहुच पाये थे, लेकिन इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालू अपनी मनोकामना को लेकर यहा पंहुचे हैं, इनमें सैकड़ों दंपत्ति संतान की अभिलाषा लिए लिंगई माता के दरबार पंहुचे हैं। आलोर गुफा में लिंगई माता के दरबार का द्वार खोलने और आकृतियों का अध्ययन पश्चात माता पुजारी के द्वारा सबसे पहले लिंगई माता को बिन व्यापी गाय के दूध से स्नान कराया जाकर परंपरानुसार पूजा विधान संपन्न किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए गुफा में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया, संतान की अभिलाषा लिए पहुंचे सैंकड़ों दम्पत्ति माता को खीरा अर्पण कर दर्शन करते रहे, वहीं जिन्हे यहां आने के बाद संतान प्राप्ति हुई वे अपनी संतान को लेकर दर्शन के लिए यहां पंहुचे थे। आज सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक श्रद्धालुओं का जन समूह के द्वारा दर्शन का क्रम जारी रहा। सवा पांच बजे माता पुजारी, माटी पुजारी, बस्ती से सिरहा-गायता ओर ग्राम पटेल की उपस्थिति में गुफा का द्वार बंद करने की प्रकिया परंपरानुसार संपन्न की जायेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति वर्ष आलोर के लिंगई माता के दरबार गुफा बंद करने के पहले लिंगई माता के सामने बिखरी रेत को समतल कर दिया जाता है। अगले साल जब गुफा के द्वार से पत्थरों को हटाया जाता है। उस समय सबसे पहले यह देखा जाता है कि रेत में क्या आकृति उभरी है। साल भर बाद खुली गुफा की रेत पर जो आकृतियां नजर आती हैं। उसे देख कर शुभ-अशुभ निष्कर्ष निकाला जाता है और इसकी जानकारी जन सामान्य को दी जाती है। रेत में मिली कमल, हाथी और छोटे बच्चे के पांव की आकृति शुभ चिन्ह है। इन चिन्हों का मतलब अच्छी फसल, धन-धान्य में वृद्धि होना माना जाता है। बाघ के पैर का निशान पाए जाने पर जान माल की हानि और आदमी व घोड़े के पैर का निशान मिलने का अर्थ गांवों में लड़ाई- झगड़ा की आशंका माना जाता है। इन चिन्हों के आधार पर ही ग्रामीणों को सचेत रहने की सलाह दी जाती है। आलोर आए लोगों को भी सतर्क करने के लिए गुफा में देखे गए चिन्ह की जानकारी ब्लैक बोर्ड में लिख कर मेला स्थल में रखी जाती है। आलोर निवासी सदाराम, भागवत, व फूलसिंह ठाकुर बताते हैं कि पहले लिंगई माता की गुफा में देखे गए चिन्हों की सूचना बस्तर महाराजा को दी जाती थी। वे दशहरा के मौके पर आयोजित मुरिया दरबार में चिन्हों के शुभ-अशुभ की जानकारी मांझियो को देकर प्रजा को सचेत रहने की अपील करते थे, अब यह परंपरा विलुप्त हो गई है।

## न्यूज ब्रेक

### प्लेसमेंट कैम्प के आयोजन के लिए नियोजकों से मंगाई गई जानकारी

**सुकमा ( एजेंसी )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाता है। ऐसे इच्छुक नियोजक जो अपने फर्म (संस्था), कार्यालय, दुकान हेतु रिक्त पदों की पूर्ति, प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से करना चाहते हैं, वे रिक्तियों की जानकारी, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा को पत्र के माध्यम से जानकारी प्रदाय कर सकते है, जिसमें पदवार रिक्तियों की संख्या, वांछित योग्यता, अनुभव एवं प्रतिमाह देय वेतन की जानकारी भी दिया जाना आवश्यक है। ताकि प्लेसमेंट कैम्प हेतु पदानुरूप युवाओं को आकर्षित किया जा सके।

### अजिरमा खास में कुपोषित बच्चों के घर पहुंच कर सुपोषण की दी गई जानकारी

**सूरजपुर( एजेंसी )।** अजिरमा खास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषित बच्चों के घर पहुंच कर सुपोषण संबंधी जानकारी दी गई। पौष्टिक भोजन खिचड़ी मुंन्गा भाजी वितरण किया गया। इस दौरान 6 माह से 2 वर्ष तक के बच्चों का सही देख भाल, 6 माह तक मां का दूध पिलाते रहने तथा 6 के बाद ऊपरी आहार खिलाने की जानकारी दी गई। 2 वर्ष तक बच्चे का शारीरिक मानसिक का विकास तेजी से बढता है। इस महत्वपूर्ण अवस्था में महिलाओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाने एंव स्वास्थ्य, स्वचछता, साफ सफाई तथा फल सब्जियों के माधयम से संतुलित आहार खिलाने का जानकारी दिया गया।

### चार बच्चों के डूबने के घटना की होगी दंडाधिकारी जांच

**कोण्डागांव ( एजेंसी )।** विगत दिनों एक दुखद घटना में ग्राम बफना स्थित डैम में डूबकर चार स्कूली बच्चों की मृत्यु के संबंध में उनके परिजनों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच एवं कठोर दंडानात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए निवेदन किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जांच के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 176 के तहत लोक महत्व के प्रकरण की दण्डात्मक जांच आवश्यक होने के फलस्वरूप तथा वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से सामने लाने के लिए आदेश दिया गया है।

### राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिये यशवंत का चयन

**जगदलपुर( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से दिनाँक 3 से 7 सितम्बर 2022 तक सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में आयोजित की गई थी उक्त प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल कक्षा 12 साइंस का छात्र बस्तर संभाग की टीम से खेलते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त कर आगामी होने वाली स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगा यशवंत पाण्डे की इस उपलब्धि के लिए स्कूल के प्रचार्य फादर बीजू समस्त स्टाफ द कोच अब्दुल मोईन महिला कोच सुश्री मकसूदां हुसैन बधाई व शुभकामनाएं दिये।
0

# वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग के फायदे

**कांकेर, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग के फायदों की जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से मिट्टी की भौतिक, रसायनिक एवं जैविक दशा में सुधार होने के साथ-साथ भूमि में जल धारण करने की क्षमता, प्रत्यारोधन क्षमता, वायु संचार की मात्रा, ताप शोषण करने की क्षमता, भस्म विनिमय क्षमता में वृद्धि करने के अलावा मृदा कटाव की कमी, जल निकासी में सुधार, पी.एच. संधारण करना इत्यादि बनाये रखता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट खाद में गोबर खाद की तुलना में मुख्य पोषक तत्व जैसे- नत्रजन 0.50 प्रतिशत स्फूर, फास्फोरस-0.25 प्रतिशत एवं पोटाश 0.40 प्रतिशत के अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे तांबा, लोहा, जस्ता, मैग्नीज, कैल्शियम आदि भी प्रचूर मात्रा में पाये जाते हैं। वर्मी कम्पोस्टिंग में कच्चेमाल अपघटन तथा केंचुए द्वारा खाने, पचाने और मल, विष्ठा के रूप परिवर्तित करने के कारण मौजूदा पोषक तत्वों की हानि नहीं होती। वर्मी कम्पोस्ट खेत, प्रक्षेत्र में फसल अपशिष्ट, रसोई, घरेलू कचरा (प्लास्टिक मुक्त) इत्यादि को गोबर के साथ मिलाकर अपघटित कर, केचुओं के द्वारा भोजन के रूप में उपयोग कर खाने, पचाने एवं मल के रूप में परिवर्तित कर बनाया जाता है। वर्मी कम्पोस्ट में स्फूर, फास्फोरस का विघटन सरल एवं घुलन शील अवस्था में होने के कारण पौधों, फसलों को आसानी से प्राप्त होते है। ह्यूमस का निर्माण ज्यादा होने के कारण मृदा उर्वरता में बढ़ोत्तरी होती है। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में अमोनिया वाष्पीकरण नहीं होने के कारण नत्रजन की हानि नहीं होती अथवा नाइट्रेट आयन भी ज्यादा बनते है, जो पौधे को सरलता से प्राप्त होते हैं। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए लगभग अपशिष्ट पदार्थ या कार्बनिक कचरे के बराबर मात्रा की गोबर (लगभग 50 प्रतिशत कचरा तथा 50 प्रतिशत गोबर की मात्रा) की आवश्यकता पड़ती है। वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए पक्का फर्श या टांका होने के कारण पोषक तत्वों का नुकसान नहीं होता। केचुआ खाद या वर्मी कम्पोस्ट की मात्रा गोबर खाद की तुलना में कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में कम है। सामान्यत: 2 से 3 टन प्रति हेक्टेयर है।



**एनसीसी के उप महानिदेशक ने बालिका बटालियन का किया निरीक्षण**

**जगदलपुर( एजेंसी )।** एनसीसी के उप महानिदेशक (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) मेजर जनरल ए. के. महाजन ने 07 सितंबर 2022 को 1 छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर 1 छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय चावला वीएसएम और रायपुर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ए के दास वीएसएम उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कैडेटों ने गार्ड ऑफऑनर दिया। एनसीसी के उप महानिदेशक ने प्रशिक्षण और एनसीसी गतिविधियों का जायजा लिया और कैडेटों को प्रोत्साहित कर गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर पीआई स्टाफ एएनओ, कैडेट, पूर्व कैडेट और सिविल स्टाफमौजूद थे।

### तेज रफ्तार सायकल से गिरे दो छात्र,एक की मौत दूसरा गंभीर

**सरगुजा , 08 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले करदनार लैगुघाट ढलान में तेज रफ्तार से साइकल से उतर रहे दो छात्र ब्रेक फेल होने के चलते दुघर्टना का शिकार हो गये। जिनमें से एक छात्र की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की है। डीएवी स्कूल भटको बतौली में अध्यनरत कक्षा छठवीं के 2 छात्र उमापुर झरगवा निवासी सैहुन तथा करदना कोरकोटधाब निवासी विकास स्कूल छूटने के बाद सायकल से घर लौट रहे थे इसी दौरान करदना लैगुघाट के खतरनाक ढलान में उनकी साइकल का ब्रेक फेल हो गया और दो छात्र गिर गए। इस हादसे में दोनो को गंभीर चोट पहुंची। हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान ही एक छात्र विकास की मौत हो गई वहीं सैहून को गंभीर चोट लगी है। जो अब तक बेहोशी की हालत में है, जिसका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली ले जाया गया था दोनों छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल में रिफर किया गया था।

# कांजी हाउस की व्यवस्था सुधारा जावे व जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो-भाजपा

**जगदलपुर, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** निगम के कांजी हाउस का जायजा लेने के लिए पहुंचे बस्तर जिले के भाजपा नेता योगेंद्र पांडेय, रामाश्रय सिंह, रजनीश पाणिग्राही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी और सतीश बाजपेयी ने कांजी हाउस की इस बदतर हालत को देखकर नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर व्यवस्था सुधारने के साथ ही कांजी हाउस की ऐसी बुरी हालत के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की जायेगी, यदि फिर भी संतोषजनक व्यवस्था नही की गई तो कठोर कदम उठाए जाने का निर्णय लिया जायेगा। भाजपा नेताओं ने निरीक्षण में पाया कि वर्तमान में कांजी हाउस में 70 मवेशी हैं, जिनके लिए पर्याप्त शेड, दाना-पानी की व्यवस्था नहीं है। निगम के बनाए दो अस्थाई शेड में एक बरसात में गिर चुका है। मवेशियों के लिए पीने योग्य पानी नहीं है। यदि थोड़ा बहुत है भी तो वो गंदा है। कांजी हाउस में जानवरों की जानकारी के संबंध में रजिस्टर भी नहीं है। भाजपा नेताओं का कहना है कि, सड़क पर घूम रहे पशुओं की धरपकड़ करने वाले वाहन का उपयोग कांजी हाउस में सूखा पैरा लाने के लिए किया जा रहा है। जबकि कांजी हाउस के रखरखाव के लिए नगर निगम ने बकायदा टेंडर निकाला है। गोमाता की सेवा होनी चाहिए, लेकिन यहां कांग्रेस की नगर सरकार के कार्यकाल में उसके उलट कार्य हो रहे हैं।

### सुगम स्वास्थ्य योजना में 249 वाहन मालिक को 92 हजार का किया गया भुगतान

**दंतेवाड़ा, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले में संचालित सुगम स्वास्थ्य योजना के तहत अब किसी मरीज, गर्भवती महिला, दुर्घटना से घायल को एंबुलेंस के लिए भटकना नहीं पड़ता है। भौगोलिक दृष्टि की वजह से विषम परिस्थितियों में दुर्गम क्षेत्रों के मरीजों को इस योजना से अब व्यक्ति अपने आस पड़ोस या समीप स्थित गांव के वाहन के मालिक को फोन करके अस्पताल पंहुच सकते हैं, इसके ऐवज में वाहन मालिक को उचित किराया भाड़ा दिया जाता है। जिले में अब तक 249 वाहन मालिक को 92 हजार 06 सौ रुपये का भुगतान किया गया है। जिससे 251 मरीजो को सही समय पर अस्पताल तक पहुंचाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 239 गांव एवं 143 ग्राम पंचायत हैं। जिनमें कुल 76 उप स्वास्थ्य केंद्र, 13 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चार सामुदायिक केंद्र, 01 मातृत्व एवं शिशु अस्पताल एवं 01 जिला चिकित्सालय संचालित है। जिले में पांच संजीवनी एक्सप्रेस 108 एंबुलेंस एवं 08 महतारी एक्सप्रेस 102 की सुविधा उपलब्ध है। बावजूद इसके संवेदनशील एवं पहुंच विहीन क्षेत्र होने के कारण वाहन समय पर पहुंच नहीं पाते हैं।



**ग्राम गारावडकला में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**जगदलपुर, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** बस्तर जिले के ग्राम गारावडकला के सरपंच पति दयाराम एवं पांच पंचायत के सरपंच के साथ स्थानिय किसानों ने जगदलपुर विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन को गारावण्डकला में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोले जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने पंहुचे धुरूगुड़ा, कलचा एवं गारावण्डकला के सरंपच एवं आस-पास के आये ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में माड़पाल में धान खरीदी केन्द्र स्थापित है, हमारे गांव से माड़पाल धान खरीदी केन्द्र 10 किलोमीटर की दूरी होने के कारण आवागनम के लिए परेशानियां होती है, तथा परिवहन के लिए किसानों को अधिक व्यय भी करना पड़ता है। उनका कहना है कि गारावण्डकला सभी पंचायत के बीचों-बीच होने से तथा ग्राम पंचायत द्वारा धान खरीदी केन्द्र के लिए जगह भी आरक्षित कर दी गई है।

### महिला स्व सहायता समूह, गौमूत्र उत्पादों से कर रही हजारों की कमाई

**सूरजपुर, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजनान्तर्गत गौमूत्र क्रय एवं इससे निर्मित उत्पाद से कृषकों की आय में वृद्धि किया जा रहा है। विदित हो कि इसकी शुरूवात जिले में दिनांक 20 सितम्बर 2022 से दो गौठानों विकासखण्ड़ सूरजपुर अन्तर्गत केशवनगर एवं रामानुजनगर अन्तर्गत मदनपुर गौठान में गौमूत्र क्रय प्रारंभ हो चुका है। क्रय गौमूत्र से जीवामृत एवं कीटनाशक ब्रम्हास्त्र भी बनाया जा रहा है। जिसका विक्रय कर कृषकों द्वारा अच्छी आमदनी की जा रही है जहां एक ओर जीवामृत से फसलों, फलदार पौधे में उत्पादकता बढ़ाया जा रहा है जो वहीं दूसरी तरफब्रम्हास्त्र द्वारा किट नियंत्रण भी किया जा रहा है। दिनांक 05 सितम्बर 2022 तक दोनो गौठानों से कुल 182 लीटर गौमूत्र क्रय किया जा चुका है। जिससे 75 लीटर कीट नियंत्रण एवं 75 लीटर वृद्धि वर्धक बनाया जा चुका है। जिसके विक्रय से रू. 6750- शब्दों में राशि रू. छ: हजार सात सौ पच्चास मात्र की आय स्व सहायता समूह को हो चुकी है।

# कलेक्टर ने लिया सप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**सूरजपुर, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** कलेक्टर इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासन के फ्लैगशिप योजनाओं मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, मुख्यमंत्री स्लाम स्वास्थ्य योजना, गोधन न्याय योजना जैसे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर जिले के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किए गए निर्देश एवं घोषणा की कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली एवं शेष बचे प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सूरजपुर जिले के जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि के कारण फसलों का नुकसान हुआ है सर्वे कर पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास से एनीमिया संबंधी प्रकरण, मलेरिया, डायरिया, टाइफाइड संबंधी प्रकरण की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग को जिले के सभी पहुंचविहीन गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरी के कार्य को किसानों की उपस्थिति में त्रुटि रहित करने निर्देशित किया तथा शेष बचे गिरदावरी के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की प्रगति के लिए पंचायत सचिव एवं कृषि ग्रामीण विकास अधिकारी काफी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने जिले के सभी पंचायतों से निर्धारित कर वसूली की जानकारी ली तथा पंचायत में वसूली की कार्यवाही पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान योजना अंतर्गत किए जा रहे पीएम किसान पोर्टल ई केवाईसी प्रविष्टि की जानकारी ली तथा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवर्ती चराई के लिए बेसिक अधोसंरचना की जानकारी ली तथा शासन की मंशा अनुसार शीघ्रता से कार्य निर्माण कार्य पूर्ण कर गौठान में गतिविधियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने आरा ने नगरी क्षेत्र में संचालित धनवंतरी योजना की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक धनवंतरी की दवाइयों की उपयोग हो इसके लिए सभी जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जरूरत की दवाइयों को धनवंतरी मेडिकल स्टोर से लेने आग्रह किया है। उन्होंने सी मार्ट अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित एवं उत्पादित सामग्रियों को भी अधिकारियों को घरेलू उपयोग के लिए खरीदी करने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को रोजगार से जोड़ने के लिए सी मार्ट, ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा वन धन केंद्र में बेहतर कार्य के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को रोजगार से जोड़ने के लिए गौठान में दोना पत्तल का प्रसंस्करण लगाने निर्देशित किया है। उन्होंने राजस्व विभाग को राजस्व प्रकरण जैसे सीमांकन, बटवारा, नामांतरण, अभिलेख त्रुटि सुधार जैसे प्रकरणों को निराकरण करने निर्देशित किया एवं अभिलेख को अपडेट करने कहा है।कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा वितरण संबंधी कार्यवाही ग्राम सभा में पारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृष्ण कुंज योजना अंतर्गत नगरी क्षेत्र में किया गया है वृक्षारोपण को सुरक्षित रखने फेंसिंग संबंधी कार्य समय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से अध्यनरत स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं। उनका जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम छात्रावास का निरीक्षण समय-समय पर निरीक्षण करने राजस्व अमला एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया तथा आश्रम छात्रावास के जो भवन जर्जर है उन्हें मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आत्मानंद स्कूल में प्रवेश एवं शिक्षकों की भर्ती संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी ली तथा शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएएफएवं सीएसआर मद से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान के गतिविधियों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएफओ संजय यादव,जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, सागर सिंह, दीपिका नेताम, उत्तम, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डीएसपी श्रीमती नंदनी ठाकुर एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रेक

### प्रेमिका से मिलने उसके घर जाना प्रेमी को पड़ा महंगा

**हरदोई 08 सितंबर ( एजेंसी )।** प्रेमिका से मिलने उसके घर जाना प्रेमी को महंगा पड़ गया ।परिजनों ने प्रेमी को पकड़ लिया रस्सी से बांधकर घसीटा गया और उसकी चप्पलों से पिटाई भी की गयी है ।रस्सी से बंधे प्रेमी की पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।एएसपी ने कहा ,मामला संज्ञान में आया है कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो शाहाबाद कस्बे का बताया जा रहा है ।बताया जा रहा है कि प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को शक होने पर परिजनों ने पकड़ लिया और फिर तालिबानी सजा दे दी ।परिजनों ने प्रेमी को पकड़कर रस्सी से बांधा और चप्पलों से पीटा ।रस्सी से बंधे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।युवक शाहाबाद कस्बे का ही रहने वाला है। बताया जाता है कि महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो गई है ।युवक का किसी तरह से महिला से संपर्क हुआ ,जिसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग में चल गया ।युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए गया हुआ था इसी बीच परिजनों ने देख लिया और उसको पकड़ लिया बांधकर जमकर पीटा। युवक को बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है इस पूरे मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### करंट लगने से दो किसानों की मौत

**ग्वालियर 08 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले की डबरा तहसील के ग्राम गोहिंदा में करंट लगने में दो किसानों की मौत हो गई। ये किसान धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी उन पर बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे उन्हें करंट लगा और दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी के अनुसार भितरवार थाना इलाके के गोहिंदा गांव में रहने वाले दो किसान छांव लेने नीम के पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। उन पर 11 केवी लाइन का तार टूटकर उन पर गिर गया। उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और वे झुलस गए। दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने किया मंत्रिमंडल में फेरबदल

**लंदन, 08 सितंबर ( एजेंसी )।** ब्रिटेन की नयी प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने पदभार ग्रहण के साथ ही मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए अपने प्रमुख सहयोगियों को शीर्ष पद से नवाजा है। रिपोर्ट के अनुसार ऋषि सनक का समर्थन करने वालों में से कोई भी उनके मंत्रिमंडल में नहीं होगा। सुश्री ट्रस ने क्वासी क्वार्टेंग को चांसलर, जेम्स क्लीवरली को विदेश मंत्री और सुएला ब्रेवरमैन को प्रीति पटेल की जगह गृहमंत्री बनाया गया है। उन्होंने अपने सबसे करीबी मित्रों में से एक थेरेसी कॉफ़ी को स्वास्थ्य मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। नया मंत्रिमंडल बुधवार को बाद में प्रधानमंत्री के पहली बैठक करेगा। सुश्री ट्रस के प्रेस सचिव ने कहा कि यह परिवर्तन टोरी पार्टी को 'एकजुट' करेगा और उन्होंने पांच प्रतिद्वंद्वियों को महत्वपूर्ण भूमिकाएं दिए जाने का इशारा किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ फोन पर बात की। उसके बाद उन्होंने अमेरिका के प्रधानमंत्री जो बाइडेन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

# गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी उत्पादन और विक्रय में और तेजी लाएं : कलेक्टर



## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का उपार्जन के लिए जारी दिशा-निर्देशों के तय तिथि तक किसानों के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत रकबा में संशोधन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही खरीफ फसलों के लिए खाद-बीज उठाव की जानकारी भी ली। जन शिकायतों एवं जन समस्याओं से संबंधित आवेदनों के निराकरण लंबित प्रकरणों के निराकरण संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत सभी कार्यों के कार्य-आदेश माह के अंत तक जारी करने के निर्देश कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के दौरान दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, अपर कलेक्टर ओपी कोसरिया,एसडीएम भागवत जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी पात्र स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा मिशल रिकॉर्ड नहीं होने पर ग्राम सभा में सत्यापन कराकर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत सामग्री वितरण करने, क्रेडा के तहत सोलर पंप लगाने, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान ई-केवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। कलेक्टर ने अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जाकर खरीफ फसलों में हुई क्षति का आकलन करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जो गौठान निर्माणाधीन है, ऐसे गौठानों में गोधन खरीदी का कार्य प्रारम्भ करें। जिन गौठानों में गोबर खरीदी की धीमी रफ्तार है वहां पर तेजी लाने और संबंधित के खिलाफ जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजीव युवा मितान क्लब योजना के तहत जिन ग्राम पंचायतों में क्लब का गठन किया जा चुका है, ऐसे ग्राम पंचायतों में शीघ्र राशि जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर क्षीरसागर ने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन तथा विक्रय पर ज़ोर दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत सामुदायिक शौचालय, भूमि समतलीकरण, खेल मैदान एवं वृक्षारोपण कराने कहा। मजदूरी भुगतान, भू-अर्जन मुआवजा राशि भुगतान, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही आश्रम-छात्रावासों का सतत निरीक्षण के लिए भी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं की प्रगति और और मुख्यमंत्री प्रस्तावित विधानसभा स्तरीय दौरे के संबंध में ज़िले में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को नए राशन कार्ड निर्माण, नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करने कहा।

# झालखम्हरिया में ड्रोन तकनीकी द्वारा नैनो यूरिया तरल का उपयोग प्रारंभ

### किसान को नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया जाएः कलेक्टर



**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको द्वारा ग्राम झालखम्हरिया में विश्व के पहले नैनो यूरिया तरल का उपयोग धान फसल में ड्रोन द्वारा प्रारंभ कराया गया। प्रगतिशील कृषक हरिकृष्ण भार्गव के खेत पर पहली बार ड्रोन से नैनो यूरिया तरल का स्प्रे देखकर किसानों ने रोमांच का अनुभव किया। इफको के प्रयास से छत्तीसगढ़ में प्रथम बार जिला महासमुंद से ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन का शुभारंभ किया गया है। ड्रोन द्वारा एक एकड़ धान फसल में मात्र 08-10 मिनट में नैनो यूरिया का स्प्रे पूर्ण किया गया। जबकि मजदूर द्वारा इसी कार्य को करने में लगभग 1 घंटे से ज्यादा लगता है। कलेक्टर निलेश कुमार ने कहा कि जिले के प्रत्येक किसान को नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाए। किसानों को अब खेत में 45 किलो का बैग ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए नैनो यूरिया तरल की 500 मिली बोतल ही काफी रहेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व गुणवत्ता के लिहाज से यह अच्छी है। यूरिया का अधिक प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता में कमी आती है तथा मृदा स्वास्थ्य को नुकसान भी पहुंचता है। नैनो यूरिया तरल का संतुलित इस्तेमाल फसलों को मजबूत व स्वस्थ्य बनाता है और ये सस्ता भी है। इससे किसानों की आय भी बढ़ेगी।

# साक्षरता सप्ताह कल से 14 तक,सातों दिन कार्यक्रम का होगा आयोजन

**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** जिले में साक्षरता कार्यक्रम वातावरण बनाने के लिए 8 से 14 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा। दुनियाभर में 08 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 2022 साक्षरता दिवस की थीम 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेस' है। इसी तरह वर्ष 2021 साक्षरता दिवस की थीम 'मानव-केंद्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' विषय पर थी। साक्षरता कार्यक्रम के लिए विशेष रणनीति तैयार कर सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने संबंधित अधिकारियों से समय-सीमा की बैठक में तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि साक्षरता आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है इसका सामाजिक एवं आर्थिक विकास से गहरा संबंध है। मानव विकास और समाज के लिए उनके अधिकारों को जानने और साक्षरता की ओर मानव चेतना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। साक्षरता में वो क्षमता है जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकता है। इसलिए लगातार शिक्षा को प्राप्त करने के लिए परिवार और समाज के लोग अपनी जिम्मेदारी को भी समझें। साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम की रूपरेखा विभागीय अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताया कि साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत (अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस) 08 सितम्बर को जिले के समस्त सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों में प्रात: प्रभात फेरी/साक्षरता रैली आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा साक्षरता संदेश व नारे का वाचन होगा। दूसरे दिन 9 सितम्बर को जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न संस्थाओं में साक्षरता संगोष्ठी/परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसमें साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षावृत्त साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े शासकीय, अशासकीय व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं साक्षरता सप्ताह के तीसरे दिन 10 सितम्बर को जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग, चित्रकला, मेंहदी एवं रंगोली का आयोजन होगा। इसमें विशेष रूप से छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक गणों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा होगी। महिला साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम साक्षरता सप्ताह के चौथे दिन 11 सितम्बर को महिला साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह, मितानिन आदि की भागीदारी होगी। इस मौके पर महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर चर्चा, लोकगीत, लोक परम्परा पर चर्चा एवं पारम्परिक खेलों का आयोजन होगा। साक्षरता सप्ताह के पांचवे दिन 12 सितम्बर को विद्यालयीन और महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, पोस्टर आदि प्रतियोगिता का आयोजन होगा। छठवें दिन 13 सितम्बर को न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) के शिक्षार्थियों का लेखन कार्यक्रम, प्रौढ़ शिक्षार्थियों हेतु चित्रलेख और लिखों कार्यक्रम का आयोजन होगा। साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिन 14 सितम्बर को सम्मान एवं सामूहिक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# खरोरा में मनाया शिक्षक दिवस



**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** हमारे जीवन में गुरू का बड़ा महत्व होता है। बिना गुरू के ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। शिक्षक के आशीर्वाद से ही हम अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं।

उक्त विचार है मिडिल स्कूल खरोरा के शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शाला नायिका पूजा का उप शाला नायक यश चंद्राकर ने कहा कि हमारे देश में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वे स्वयं ही एक महान शिक्षक थे। उनका व्यक्तित्व श्रेष्ठ था। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापक उमेश भारती गोस्वामी ने भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान दार्शनिक, देशभक्त, आदर्श शिक्षक तथा देश की संस्कृति से प्यार करने वाले महा मानव थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षक डोमार राम साहू, रामेश्वरी ध्रुव, दुबे कुमार पटेल का श्रीफल, कलम व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। गुरू महिमा के गीत, दोहे व कविताओं की प्रस्तुतिकरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### गाड़ाघाट में हुआ जगराता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम गाड़ाघाट में जय मां शारदा मानस मंडली का सांस्कृतिक जगराता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से रामचंद्र की पावन कथा और छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति से लोगों को परिचित कराना है। साथ ही भगवान के आदर्श को मानस गान से समाज में व्याप्त बुराई को दूर करने एवं उनके आदर्श को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### युगांडा में भूस्खलन से 15 और लोगों की मौत

**कंपाला,08 सितंबर ( एजेंसी )।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा के पश्चिमी कासेसे शहर में भूस्खलन आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। एक स्थानीय राहत एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। युगांडा रेड क्रॉस सोसाइटी (यूआरसीएस) ने संवाददाताओं को बताया कि कसिका गांव के रुकोकी उप-काउंटी में मंगलवार रात भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों के शव बरामद हुए। एजेंसी के अनुसार, भूस्खलन में कुछ घरों के दबे होने की आशंका है। घायल हुए छह लोगों को कासी नगर पालिका के सेंट पॉल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। युगांडा का पश्चिमी क्षेत्र भारी बारिश जारी है। जिसके कारण लगातार भूस्खलन से लोग हताहत हुए हैं, घरों और फसलों को नष्ट कर दिया गया है। बुंदीबुग्यो जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से चार लोगों के मारे जाने की खबर है।

### फांसी के फंदे से झूला युवक , मौत

**रायबरेली,08 सितंबर ( एजेंसी )।** थाना क्षेत्र के मखदूमपुर चौकी के मनिहर शर्की गांव में आर्थिक तंगी के चलते एक युवक टीनशेड में लगी बल्ली में रस्सी बांधकर उससे झूल गया ।जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गाँव निवासी सुरेंद्र सरोज 38 वर्ष ने मंगलवार की रात घर के अंदर पड़े टीनशेड में लगी बल्ली में रस्सी के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली ।सुबह पड़ोसियों ने उसे फंदे से लटकते हुए देखा ।जिसके बाद वहां लोगों का मजमा जुट गया और सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे । पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया ।जिसके बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया । ग्रामीणों की माने तो मृतक ने किसी बैंक से कर्ज लिया था और उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर जा चुकी थी, जिसके कारण वो अवसाद में रहता था। गदागंज थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण युवक ने आत्महत्या की है।

## *वियतनाम के बार में आग लगने से 14 लोगों की मौत*

हो ची मिन्ह 07 सितंबर। वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के निकट कराओके परिसर में स्थित बार में भीषण आग लगने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि मंगलवार रात प्रतिष्ठान की ऊपरी मंजिल पर आग लग गयी जिससे वहां मौजूद कई ग्राहक एक कमरे में फंस गए।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि आग से बचने के लिए चार लोगों ने दूसरी और तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी उनकी जान तो बच गयी लेकिन वे घायल हो गए। अलार्म बजने के कुछ ही देर बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि आग पर काबू पाने में महज एक घंटे से भी कम समय लगा। जांचकर्ता अभी आग के कारणों का पता लगा रहे हैं। शहर के उत्तर में बिन्ह डुओंग क्षेत्र में स्थित एन फु कराओके बार 29 कमरों की एक काफी बड़ी इमारत है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक तिहाई इमारत में आग लग गई थी। वियतनामी ने बताया कि इमारत में बड़ी सख्या में सजावट और लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है। वियतनाम के कराओके बार में आग लगने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी पिछले महीने राजधानी हनोई में एक कराओके स्थल में आग लग गयी थी और इस पर काबू पाने के प्रयास में तीन दमकलकर्मियों की मौत हो गई थी।


## कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,जिला-महासमुंद ( छ.ग. )

Email-gmcmahasmund@gmail.com Phone No. 07723-299171

क्रमांक /2053/ क्रय / शा.चि. म./ 2022 महासमुंद, दिनांक 06/09/2022

**// पुनः निविदा आमंत्रण सूचना //**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद जी.एन.एम. बिल्डिंग, एमपीडब्लू बिल्डिंग, लाइवलीवुड बिल्डिंग में महासमुंद में सफाई व्यवस्था के लिए जारी निविदा क्रमांक/1539/क्रय/शा./चि.म./2022, महासमुंद दिनांक 19.07.2022 को क्रय समिति की अनुशंसा उपरांत अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद जी.एन.एम. बिल्डिंग, एमपीडब्लू, बिल्डिंग, लाइवलीवुड बिल्डिंग, में सफाई व्यवस्था हेतु फर्म/प्रदायाकर्ता से पुन: खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। महाविद्यालय की वेबसाईट www.gmcmahasamund.edu.in से आनलाईन निविदा प्रपत्र प्राप्त कर निर्धारित शुल्क राशि रूपये 3000/- (रू. तीन हजार मात्र) का अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.) के नाम से तैयार कर दस्तावेजों के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रारंभ तिथि | - | 09/09/2022 समय अपरान्ह 11.00 बजे से। |
| निविदा अंतिम तिथि | - | 08/10/2022 समय अपरान्ह 01.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि | - | 10/10/2022 समय अपरान्ह 11.00 बजे । |
| निविदा खोलने का स्थान | - | कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद |

निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.gmcmahasamund.edu.in का अवलोकन कर सकते है। निविदा शुल्क की 3,000 / - वापसी योग्य नही है।

**अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**जी-93952** **महासमुंद**


# शतरंज सम्राट महासमुंद ट्रॉफी पुस्तक विशेषांक का विमोचन




**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हिंदी शतरंज सम्राट पुस्तिका का विमोचन किया। कलेक्टर क्षीरसागर ने पुस्तक विशेषांक प्रकाशन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह महासमुंद जिला के लिए गौरवपूर्ण बात है कि यह टूर्नामेंट कई मायनों में अपना प्रभाव छोड़ा है। हमारी कोशिश रहेगी कि स्कूल के विद्यार्थियों को चेस इन स्कूल्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा सके। स्कूल के सभी विद्यार्थी नियमित रूप से शतरंज खेलें। टूर्नामेंट के शानदार कवरेज एवं पुस्तक प्रकाशन के लिए कार्यकारी संपादक हेमंत खुटे की कार्यनिष्ठा की विशेष सराहना की। पुस्तक विशेषांक में आयोजित टूर्नामेंट चित्रों का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। मालूम हो कि महासमुंद जिला शतरंज संघ एवं जिला प्रशासन के संयुक्त संयोजन में माह जून में ऑल इंडिया फीडे रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2022 का वृहद आयोजन वन विद्यालय परिसर महासमुंद में आयोजित किया गया था। जिसमें 9 राज्यों से कुल 245 खिलाड़ियों ने शिरकत कर टूर्नामेंट को सफल बनाया। यह टूर्नामेंट 11 जून से 15 जून तक चला था। पत्रिका का संपादकीय लेखन कार्य हेमंत खुंटे ने किया है। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, अपर कलेक्टर ओपी कोसरिया, एसडीएम भागवत जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, महासमुंद जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष बीजू पटनायक सहित कार्यकारी संपादक हेमंत खुटे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।


## नगर के छबिगृह में



**श्री विठोबा**
टॉकिज
रोजना
**मया होगे रे**

# महासमुंद जिला

**संवाद साधना**

महासमुंद, गुरुवार 08 सितंबर 2022




### देह व्यापार के आरोप में महिला समेत पांच गिरफ्तार

**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवादसाधना )।** सरायपाली पुलिस ने देह व्यापार के आरोप में एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र के तारड़ा निवासी एक 22 वर्षीय युवती सहित अन्य चार को पतेरापाली स्कूल के पास स्थित किराए के एक मकान से पकड़ा। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यवहार निवारण अधिनियम 1956 के तहत कार्रवाई की है।

## न्यूज ब्रेक

### मां सोनई रूपई मंदिर में जलेगी मनोकामना ज्योति

महासमुंद। ग्राम खट्टी में क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर जय मां सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। 26 सितंबर को घट स्थापना 11.36 से दोपहर 12.24 बजे तक शैलपुत्री पूजन, 30 सितंबर को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजा प्रात: 8 बजे, महागौरी पूजन एवं हवन 3 अक्टूबर शाम चार बजे रखा गया है। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी ने दी है।

### अधेड़ को अज्ञात बाइक चालक ने लूटा

**महासमुंद।** अधेड़ किसान को अज्ञात बाइक चालक द्वारा लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम देवरी निवासी प्रेमलाल निषाद (58) ने बताया कि बुधवार अपराह्न 4 बजे भटगांव-चिंगरिया मार्ग में खेत के पास बाइक क्रमांक टीएस 12 इएच 7291 के चालक ने बाइक रोकी और उनके पास रखे 10 हजार रुपए को लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने रास्ते में चाकू लेकर धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। युवक से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 14 बस्ती निवासी हरीश महापात्र (22) चाकू की नोक पर पदमपुर रोड ओव्हरब्रिज के पास रास्ते में लोगों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जंगल में जुआ खेलते हुए 2 पकड़ाए

**महासमुंद।** हरी नाला जंगल में जुआ खेलते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों से नकदी, ताशपत्ती जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। तेन्दूकोना पुलिस ने बताया कि ग्राम घोघरा निवासी खुमन चक्रधारी को और अन्य को पंडरी खार स्थित जंगल में जुआ खेलते पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से 2210 रुपए और ताशपत्ती जब्त की।

### फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी

**महासमुंद।** फांसी लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बागबाहरा पुलिस के अनुसार ग्राम सरायपाली कुरमुड़ी निवासी कुसो रामनिषाद (25) का शव शिवराज दीवान के सागौन प्लॉट में बुधवार को फांसी पर लटका हुआ मिला।

### लाफिनखुर्द से 10 भैंस चोरी

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द निवासी भीषण कुमार साहू ने 10 भैंस चोरी की शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। भीषण ने पुलिस को बताया कि 10 भैंस 10 जून को प्रतिदिन की तरह चरने गई थी। शाम तक वापस नहीं आने पर खोजबीन की गई किन्तु, कोई जानकारी नहीं मिली। तब चोरी होने की आशंका जताते हुए कार्रवाई के लिए गुहार लगाई है।

# पॉलीथीन पर कार्रवाई शिथिल, उपयोग धड़ल्ले से जारी

## *हर जगह हो रहा उपयोग, चार दिन कार्रवाई कर पालिका भूली*

**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवाद साधना )**

सरकार द्वारा पॉलीथीन के उपयोग और विक्रय पर रोक लगाए जाने के बाद भी जिले में प्रशासनिक उदासीनता और कार्रवाई के अभाव में इसका उपयोग और विक्रय बाजार में धड़ल्ले से जारी है। यहां मुख्यालय में कई व्यापारी ग्राहकों को आज भी पॉलीथीन में सामान विक्रय कर सरकार के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। शहर के सब्जी बाजार, किराना दुकान, फल ठेले, चिकन मटन सहित अन्य स्थानों पर आज भी ग्राहकों को पॉलीथीन में सब्जी, फल आदि सामान लेकर जाते हुए देखा जा सकता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासन के आदेश का यहां प्रशासनिक अफसरों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। अफसरों ने पॉलीथीन के विक्रय और उपयोग पर रोक लगाने के लिए यहां के व्यापारियों को करीब सप्ताहभर का समय



दिया था। बाद पालिका अमला उपयोग करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए निकला और चार दिन तक चली कार्रवाई के बाद अफसरों ने मुंह फेर लिया जिसके चलते व्यापारियों ने इसका फिर से उपयोग शुरु कर दिया है। बता दें कि केन्द्र सरकार ने बीते 1 जुलाई से सिंगल यूज पॉलीथीन के विक्रय और उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। पर यहां मुख्यालय में इसका उपयोग अब भी जारी है।

**क्या कहते हैं अफसर :** सीएमओ आशीष तिवारी का कहना है कि सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलीथीन पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। शहर में थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई के सवाल पर उनका कहना है कि कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों का सहयोग चाहिए जो नहीं मिलता। इसके साथ कार्रवाई के लिए जब टीम पहुंचती है तो नेतागिरी शुरु हो जाती है। इस तरह से कई समस्याएं कार्रवाई के दौरान सामने आती है। कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी।

### थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई का अभाव

शहर के नागरिकों का कहना है कि पॉलीथीन का उपयोग पूरी तरह से तब प्रतिबंधित हो पाएगा जब इसके विक्रय पर पूर्णत: रोक लगे। बाजार में प्रतिबंधित पॉलीथीन का विक्रय करने वाले बड़े थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर कभी भी अफसरों की टीम दबिश नहीं देती। मामले में कार्रवाई दिखाने के लिए अफसर सब्जी बाजार, फल विक्रेता और अन्य छोटे व्यापारियों को पकड़ते हैं और उनसे पॉलीथीन जब्त कर कार्रवाई की खानापूर्ति करते हैं। नागरिकों का कहना है कि थोक विक्रेताओं की दुकानों में कार्रवाई नहीं होगी इस पर रोक लगना संभव नहीं है।

# कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा, देश में महंगाई पर जताई चिंता



**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवाद साधना )**

राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मिशन 2024 के लिए आज से देशभर में शुरु हुई भारत जोड़ो यात्रा के तहत यहां भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। कांग्रेस भवन से शुरु हुई यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए दोपहर 1 बजे लाफिनकला पहुंची। इस दौरान यात्रा में संसदीय सचिव व विधायक विनोद चंद्राकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि महिलांग, नपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर, सुरेश द्विवेदी, एरिश अनवर सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस नेता शामिल रहे। यात्रा गौरव पथ से होते हुए मचेवा, बरोडाबाजार होते हुए लाफिनकला पहुंचीं। इस दौरान कुछ स्थानों पर चौपाल लगाकर लोगों को भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में जानकारी दी गई। चौपाल को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि देश में महंगाई किस स्तर तक पहुंच गई है। ज्ञात हो कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है जिसमें केन्द्र सरकार के खिलाफ कई मुद्दों को दिल्ली तक पहुंचाने का प्रयास यात्रा के माध्यम से किया जाएगा।

# भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होंगे कांग्रेसजन : रश्मि

**महासमुंद, 08 सितंबर ( संवाद साधना )**

जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा किसी तरह की मन की बात नहीं है, यह जनता की चिंता है। कांग्रेस कार्यकर्ता एक-एक घरों में जाकर बढ़ती महंगाई और केंद्र सरकार की नाकामियों को बताएंगे। कन्याकुमारी से प्रारंभ हो रही 150 दिन की पदयात्रा में छत्तीसगढ़ से 100 कांग्रेस कार्यकर्ता पांच दिनों तक राहुल गांधी के साथ शामिल होंगे। आज देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। आम लोग आसमान छूती महंगाई से परेशान हैं। किसान और खेत मजदूर कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। सामाजिक तौर पर हमें जाति, धर्म, भाषा, खान-पान, वेशभूषा के आधार पर बांटा जा रहा है। हर रोज देशवासियों को लड़ाने के नए-नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा किया जा रहा यह सामाजिक विभाजन हमारी एकता को कमजोर कर रहा है। इससे दुश्मनों को मदद मिलती है। राजनीतिक मोर्चे पर हमारे संवैधानिक अधिकार कुचले जा रहे हैं। एक योजनाबद्ध तरीके से संविधान



को उलटने, संस्थाओं को ध्वस्त करने, लोकतंत्र को खोखला करने का प्रयास किया जा रहा है। हमे देश के 135 करोड़ जनता की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाना इस यात्रा का मकसद है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी यात्रा के दौरान किसी होटल में नहीं रुकेंगे। साधारण तरीके से इस पूरी यात्रा को पूरा करेंगे। इस यात्रा में हर दिन 25 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। बताया जा रहा कि 150 दिनों में 3500 किलोमीटर का सफर तय किया जाएगा। इसके लिए कई जगह चौपाल और आम सभाएं होंगी।

### कार की ठोकर से एक मृत

महासमुंद। सड़क पार कर रहे बाइक सवार को अज्ञात कार ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। आरंग थाना क्षेत्र के बेनीडीह निवासी रमेश्वर निषाद (21) ने पुलिस को बताया कि बीते 6 सितंबर को वह साढ़ू भाई ओमप्रकाश निषाद अपनी-अपनी बाइक से परिवार को लेकर घुंचापाली चण्डी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में एनएच 353 पतेरापाली सड़क पार करते समय महासमुंद की ओर से आ रही अज्ञात कार के चालक ने बाइक को सामने से ठोकर मार दी। जिससे ओम प्रकाश निषाद की मृत्यु हो गई। उन्हें भी चोटें आई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 (ए) के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

## वृंदावन विद्यालय में गुरुजनों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय में शिक्षक दिवस पर गुरूजनों का सम्मान कार्यक्रम हुआ। संस्था संचालक



एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, प्राचार्य टी वनिता, उप प्राचार्य ललिता चंद्राकर, वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू, विजय लक्ष्मीराव, आशज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री व सभी शिक्षक-शिक्षिकओं ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती व राधाकृष्णन् सर्वपल्ली के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना लिपी चंद्राकर व नेहा देवांगन ने कीं। छात्र-छात्राओं ने समस्त गुरुजनों का स्वागत किया। संस्था की वरिष्ठ शिक्षिकाओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उप प्राचार्य ललिता चंद्राकर ने कहा कि जीवन में सीखने और शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुमूल्य तथ्यों की आवश्यकता नहीं है, साधारण जीवन जीने वाले व अपने आस-पास के तथ्यों से ही हमें अमूल्य ज्ञान का भंडार प्राप्त हो सकता है। संस्था की प्राचार्य टी वनिता ने बच्चों को जीवन की विपरीत परिस्थितियों में धैर्य अपनाने व असम्भव को संभव बनाने के लिए प्रेरित कर गुरू की महिमा से अवगत कराया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने बच्चों को जीवन के पहली गुरु मां, द्वितीय गुरु पिता व तृतीय गुरु गुरुजनों का महत्व बताया। संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन ने बच्चों की सफलता में मेहनत व उन्हें सफल बनाने में विशेष योगदान देने वाले माता-पिता व गुरुजनों का महत्व बताया। छात्र-छात्राओं ने गुरूजन के सम्मान में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी राव, गीतेश्वरी वर्मा, इंदू मिश्रा, एम रजनी, प्रीति साहू, उर्मिला अग्निहोत्री, अंशु यादव, शुभ्रा अग्रवाल, अमृता चंद्राकर, दामिनी वैष्णव, मनीषा भावनकर, जागृति, गुजा साहू, काजल ठाकुर, रेखा साहू, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, सविता ढीढी, वर्षा चंद्राकर, रितिका साहू, यास्मिन खान व निकिता चंद्राकर का योगदान रहा।

# बेमचा में आयोजित रामायण समारोह में शामिल हुए संसदीय सचिव

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेमचा में युवा साथियों द्वारा आयोजित रामायण समारोह में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामायण और राम हमारे जीवन का सार है। उन्होंने मर्यादा पुरूषोत्तम राम के आदर्शों का आत्मसात करने का आव्हान किया। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर मंगलवार की रात ग्राम बेमचा पहुंचे। यहां आयोजित रामायण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मर्यादित जीवन जीकर भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने से जीवन का कल्याण सुनिश्चित होगा। श्रीराम के आदर्श वर्तमान युग में भी उतने ही प्रासंगिक है जितने की रामायण काल में हुआ करते थे। भगवान राम का जीवन अपने वचन पर कायम रहने के साथ त्याग, तपस्या, भक्ति का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देता है, अंधेरे से प्रकाश की तरफ ले जाता है, हमें बुराई से अच्छाई की तरफ ले जाने की प्रेरणा देता है। रामायण हमारे जीवन में धर्म और संस्कृति के आधार पर हमें विचारवान होने की प्रेरणा देता है। रामायण में भगवान राम का पूरा जीवन चरित्र सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमति डॉ रश्मि चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, चूड़ामणि चंद्राकर, श्रीमती ममता चंद्राकर, सरपंच हरिश्चंद्र ध्रुव, उपसरपंच देवेंद्र चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, डोमन यादव, छुटकू यादव, बड़कू यादव, पोखन यादव, बलराम साहू, शेष नारायण निषाद, मुकेश निषाद, बबलू निषाद,



संतोष निषाद, द्रोण निषाद, कुंदन चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर, मोनू चंद्राकर, मुकेश विश्वकर्मा, हेमंत निषाद, सोनू चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, हरिशंकर साहू, मुन्ना निषाद, डोमन चंद्राकर, मिलो निषाद, खोरबहारा निषाद, लोकेश निर्मलकर, भूषण निषाद, भेखराम निषाद, दिलीप मानिकपुरी, मोनू यादव, जनक विश्वकर्मा, गुलाब निषाद, योगेश साहू, घनश्याम निषाद, टीकू साहू, दिगंबर विश्वकर्मा, त्रिभुवन निषाद, गोलू मानिकपुरी, नरेंद्र निर्मलकर, चौत यादव, ह्दय यादव, गिरधर निर्मलकर, चंद्रकांत चंद्राकर, योगेश निषाद, यादराम निषाद, हेमंत साहू, कांति निषाद, मनसा निषाद, लता साहू, राधा मानिकपुरी, अमली निषाद आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बच्चों को विटामिन ए और आयरन की दी जाएगी खुराक

**महासमुंद।** जिले में आगामी 13 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक चलाई जाने वाली शिशु संरक्षण माह में बच्चों को विटामिन ए और आयरन फॉलिक एसिड सिरप, टीकाकरण के माध्यम से खुराक दी जाएगी। शिशु संरक्षण माह अभियान 13 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच अभियान चलेगा। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में बीते दिन जिला टॉस्क फोर्स (शिशु संरक्षण माह) की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित कुमार वर्मा, आरएमएनसीएच सलाहकार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस चन्द्रसेन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य सुधार के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों और ऑगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। जिसमें स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे।




उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण के आकलन के लिए वजन लिया जाए और पालकों, अभिभावकों को बच्चों की आयु के अनुसार पोषण आहार की जानकारी दी जाए। कलेक्टर क्षीरसागर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान घर-घर भ्रमण नहीं किया जाएगा। ऑगनबाड़ी केन्द्रों या अन्य कोई सुव्यस्थित सुरक्षित स्थान पर शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाए। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भेजने की व्यवस्था करें। जिससे उनकी समुचित देखभाल पोषण आहार और उपचार से बच्चें को कुपोषण मुक्त किया जा सकें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अरविन्द गुप्ता ने बताया कि शिशु संरक्षण माह अभियान के तहत् आगामी 13 सितम्बर से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चालू माह की मंगलवार 13 सितम्बर, शुक्रवार 16 सितम्बर, मंगलवार 20 सितम्बर, शुक्रवार 23 सितम्बर, मंगलवार 27 सितम्बर, शुक्रवार 30 सितम्बर तक अभियान चलेगा। आगामी माह अक्टूबर माह में मंगलवार 4 अक्टूबर, शुक्रवार 7 अक्टूबर, मंगलवार 11 अक्टूबर, शुक्रवार 14 अक्टूबर को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की खुराक 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को और आयरन फॉलिक एसिड सिरप की 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को खुराक दी जाएगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप की जाएगी। इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण जाएगा।


स्वामित्व **कविता शर्मा** के लिए प्रकाशक मुद्रक **विपिन कुमार दुबे** द्वारा श्वेता ऑफसेट वार्ड नं. 28 बीटीआई रोड महासमुंद से मुद्रित एवं प्रकाशित, **संपादक विपिन कुमार दुबे**, डाक पं.क्र. **CG/RYP DN/19/2011-13, RNI. NO.CHHHIN/2005/17444** **फो.224812** पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार